Build up civil adminisration. I think you have lost very great ground. I accepted the challenge in 1990 merely because I thought with my past experience I will be able to construct civil administration. Army Act was introduced after I left, I did not allow this and other Acts to come in mainly because the fundamental thing was to construct civil administration. (*Time-bell rings*). All right, my request to you is that this problem of Kashmir cannot be solved by the present approach. You have to be consistent, you have to be clear, you have to see that your message is put across, you have to be practical, purposeful, pure and just, you have not to yield or appease, but call a spade a spade. You are a great country. You have not to depend upon the mercy of a few people. You are spending millions of rupees on them and they the—NC—have paid you in this coin. I do not mind if you do all this, but they are inciting the youth of Kashmir, they are the abetters. From quite some time, since they did not have the capacity to do anything positive, any good development work, since they did not know how to end the corruption in which they had indulged, since people were against them, they always inverted the frustration against India. They say that India is not giving them money. What is the fate of my friends from West Bengal? The per assistance given to them is Rs. 87 and do you know much it is for Kashmir? It is Rs. 1400. The population of Kashmir is 0.6 per cent of the Indian population of Kashmir is 0.6 per cent of the Indian population. The financial assistance given today is 2.6 per cent per capita and still they say that the finances have not been made available to them. You do not allow them to come under the cover of article 356, no gift tax law is applied to them, no healthy financial legislation is applied to them. You are making a fool of everbody by saying identity of Kashmir, personality of Kashmir. Who is disturbing your identity or personality? It is only fooling the people.

पैसा नहीं दिया ।

You have given the largest amount. I can read all the statistics. Tamil Nadu probably has got per capita assistance of Rs. 91 and then there are so many other States Then with that a number of times

तुम्हारे साथ जुल्म हो रहा है ।

Why will not the young people get into rackets because they feel that they are acting as martyrs, they are fighting for a cause? You are creating such an atmosphere for them. So, let us call a spade a spade and face the situtaion as it is.

श्री कृष्ण लाल शर्मा (हिमाचल प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं अपने विचार इस चेतावनी के साथ शुरू करना चाहता हूं कि जो जानकारी मंत्री महोदय ने हमारे सामने रखी है, अगर इतनी ही जानकारी उन्हें काश्मीर के बारे में है, और आज भी वे हमको यह समझाना चाहते है कि काश्मीर घाटी में लोग आतंकवाद में ऊब गये हैं और वे परिवर्तन चाहते है, तो मुझे अफसोस है कि वे सदन को भी और देश को भी अंधेरे में रख रहे है। मैं यह चेतावनी देना चाहता हूं कि इस समय काश्मीर घाटी सरकार के हाथ से निकल चुकी है। टोडा जिला उनके हाथ से जा रहा है और पूरा जम्मू-काश्मीर इस समय खतरे में है और अगर इसी तरह के लीपापोती करने वाले वक्तव्य दिये जाते रहे, तो देश के सामने वह दुर्भाग्यपूर्ण दिन आ सकता है, जब सारा का सारा जम्मू-काश्मीर संकट में पड़ जाये। मुझे समझ में नही आया कि इस वक्तव्य में उन्होंने कौन-से ऐसे पग बताये है, जिनके द्वारा वे इन समस्याओं का समाधान करना चाहते हैं। नाराज नही होंगे, राजेश पायलट जी। मैं उनकी भावनाये समझ सकता हूं, जो उनकी अपने मित्र के बारे में है। उन्होंने 1986 में भी एक प्रयास किया था और उस समय, 1986 में राजीव जी और डा० फारूख अब्दुल्ला का समझौता उन्होंने कराया था। उसमें उन्होंने एक महत्वपूर्ण योगदान दिया था। आज अगर मैं यह कहूं कि जम्मू और काश्मीर में आतंकवाद की समस्या जो है, यह 1986 में उस समझौते की उपज है। उसके बाद वहां एक के बाद एक स्थिति बिगड़ती गयी और फिर काबू में नही आयी। मुझे अफसोस होगा अगर फिर आज राजेश पायलट जी डा० फारूख अब्दुल्ला पर निर्भर करते हैं और यह समझते हैं कि उनको लेकर वह कुछ परिवर्तन कर देंगे। मुझे बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है — उस समय चाहे सरकार दूसरी थी, लेकिन जब जगमोहन जी को वहां राज्यपाल के स्थान से हटाया गया, उसमें कुछ न कुछ अंशों में यह बात भी थी कि डा. अब्दुल्ला यह चाहते थे कि वह वहां से हटें। आज भी जब वहां से श्री सक्सेना को हटाया गया है, तो मुझे लगता है कि यह बाकायदा एक योजनाबद्ध तरीके से किया गया कि इसके बाद हम चुनाव करायेंगे, परिस्थितियां बदलेंगे और डा. फारूख अब्दुल्ला की यह प्री-कण्डीशन थी कि उस गर्वनर को यहां से हटाया जाय और उसको हटाया गया। अगर यह बात आज इस स्थिति तक पहुंच गयी है कि जम्मू काश्मीर में जो डा. अब्दुल्ला कहेंगे, वही सरकार कहेगी, तो मुझे लगता है कि हम देश को एक बड़े गड्ढे में फेंकने जा रहे हैं। आज कोई सही जानकारी नही दी जाती और सही तथ्यों को छुपाया जाता है। आखिर पाकिस्तान, हम बार-बार हम कहते है, वह कि प्राक्सी वार कर रहा है। पाकिस्तान तो प्राक्सी वार बराबर कर रहा है, वहा पर जे.के.एल.एफ. के लोग भी हर बार खड़े हो जाते हैं और अन्दर आना चाहते हैं। मगर बार्डर कन्ट्रोल किसके पास है? क्या यह जम्मू-काश्मीर गर्वनमेंट के पास है या केन्द्रीय सरकार के पास है? सीमा पर हमारा नियंत्रण क्यों नहीं है? हमारी सीमाओं से बक्से के बक्से अम्यूनिशन के अन्दर आ जाते हैं। कहां से आते हैं, कौन लाता है और कैसे आ जाता है। सरकार वहां पर क्या कर रही है? क्यों इस बात की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है? कितना अम्यूनिशन इन्फिट्रेडेट होकर वहां से, सीमा पर आ गया है, क्या इसकी जानकारी इस वक्तव्य में है? कोई जानकारी नहीं है। यह जानकारी मिलनी चाहिये। मै चाहता हूं कि इस बात की जानकारी सदन मे दी जाये कि पिछले तीन महीनों में कितने शस्त्र, कितने घुसपैठिये, हमारे क्षेत्र में दाखिल हुए? अगर पाकिस्तान प्राक्सी वार कर कहा है, तो हम क्या कर रहे है? हम उसकी खुशामद कर रहे हैं। हम दूसरे देशों पर निर्भर है। क्या दूसरे देश, अमेरिका, इंग्लैंड वह पाकिस्तान को टेरोरिस्ट स्टेट डिक्लेयर करेंगे? हम क्यों डिक्लेयर नहीं कर सकते? हमने

क्या कभी किसी मंच पर "नाम" पर, "सार्क" पर किसी भी जगह जाकर क्या भारत ने कभी भी विश्वास के साथ यह कहा है कि हम यह समझते है कि पाकिस्तान आतंकवादी देश है और इसमें हम सबका समर्थन चाहते है। लेकिन हमने ऐसा नही कहा। हर जगह वही इनीसियेटिव लेते है और हम डिफेंसिव रहते हैं। वे कहते है कि वह कश्मीर का सवाल उठायेंगे और हम कहते हैं कि अगर कश्मीर का सवाल उठायेंगे तो हम वहा नहीं जायेंगे। लेकिन फिर जाते हैं और झख मारकर वहां बैठते भी हैं और उसकी सारी बातें सुनते हैं। मुझे यह लगता है कि जब तक हम तथ्यों का सामना नहीं करेंगे--जगमोहन जी ने ठीक कहा है कि जब तक हमारे अंदर इच्छा शक्ति नही होगी, जब तक हमारी कश्मीर के बारे में स्पष्ट रण-नीति नही होगी तब तक हम कश्मीर को नही बचा सकते। राजेश जी बैठे हैं। मुझे इसका उत्तर चाहिये। मैं घबरा जाता हूं। मै वर्षो से जम्मू और कश्मीर की तरफ जाता हूं और वहां जाकर देखता हू लेकिन अब वहां क्या हो रहा है? इन दिनो वहां हम क्या देख रहे है? राजेश साहब घोषणा करते है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिये अनुकूल वातावरण है और वहां के गवर्नर को भी यह बात कहते हैं।

SHRI RAJESH PILOT: Madam Vice-Chairman, I have never said it. This is a wrong information Sharma Ji has given to the House. I have always maintained that normalcy is the first priority. Please do not give any information which is not correct, at least when I am personally present here. You can talk so in a public meeting in Jammu and Kashmir, but don't say in the House a thing which has not been said by me. I have always stressed for normalcy. I have said democracy is after normalcy.

SHRI KRISHAN LAL SHARMA: I will not give any wrong information but I always say and I again assert that a number of times

आपने यह कहा है कि हम बहुत जल्दी वहां पोलिटिकल प्रोसेस शुरू करने जा रहे हैं और इसके बारे में खबरें रोज़ छपती हैं। यह कोई आज की बात नहीं है। इकोनोमिक पेकेज भी हम दे रहे हैं, वहां पर चुनाव करवा रहे हैं। यहा तक कि प्राइम मिनिस्टर को मैं कोट कर सकता हूं। प्राइम मिनिस्टर साऊथ में कही जा कर बोले होंगे–

"The time is ripe for elections in Jammu and Kashmir." He has also said it. The Government is saying it.

यह रांग सिग्नल हम दे रहे हैं और पायलट जी इसको रिक्यूट करें कि यह उन्होंने कहा है या नहीं कहा है। मैंने उनका यह स्टेटमेंट भी पड़ा है कि हम वेलकम करेंगे अगर टेररिस्ट इलेक्शन में हिस्सा लें। अगर उन्होंने यह कहा है तो इसको भी कनफर्म कर दें। मुझे यह कहना है कि क्या हम रांग सिग्नल देते जाएंगे? यह यूनियन होम मिनिस्टरी जिसने सारी समस्याओं को हल करना है उसमें भी कोई कोहिज़न नही है। एक सीनियर मिनिस्टर एक बात कहेगा। एक कहेगा कि हम पेकेज देंगे दूसरा कहता है कि नहीं देंगे। एक कहता है इलेक्शन के लिए अनुकूल वायुमंडल है, दूसरा कहता है कि नहीं है। एक कहता है कि हम एक पर्टिकुलर लीडर को लाएंगे दूसरा कहता है कि हम कोई लीडर इम्पोज़ नहीं करेंगे। मैं यह पूछना चाहता हूं कि आखिर होम मिनिस्टरी की यह क्या हालत बन गई है? क्या इस तरह से जम्मू-कश्मीर की गंभीर परिस्थिति का सामना कोई कर सकेगा? अभी यहां पुलिस के बारे में कहा गया है, आप थोड़ा सा कंट्राडिक्शन कर सकते हैं कि संख्या इतनी थी या उतनी थी। यह कहते हैं कि रिवोल्ट जो कहा गया है, यह बहुत बड़ा भयंकर शब्द है? मैं यह पूछना चाहता हूं यह रिवोल्ट.

नहीं था तो क्या था? इतनी मात्रा में पुलिस के जवान हथियारों के साथ यू.एन. के आफिस में जाते हैं, मेमो-रेंडम देते हैं तो क्य [यह रिबोल्ट नहीं है? मैं आज फिर गृह मंत्री महोदय से यह कहना चाहता हूं कि अगर उन सब लोगों को वापि काम पर लिया जा रहा है तो प्रोपर स्क्रीनिंग होनी चाहिये अगर प्रोपर स्क्रीनिंग नहीं हुई और डाऊटफुल इंटेग्रिटी के लोगों को आपने रखा तो आ कभी भी वहां की परिस्थिति को सुधार नहीं पाएंगे और कभी भी वहां वो हालत ठीक नहीं कर पाएंगे। यह भी एक बात हमें समझ में नहीं आती है कि हम जब किसी परिस्थिति का सामना करते हैं तो इस बात का कोई इंतज़ाम नहीं करते कि टेररिज्म ज्यादा न फैले। अब डोडा में लोग खुद इसके लिए संघर्ष करने के लिए तैयार हैं लेकिन उनको किसी प्रकार से सिविल डिफेंस के लिए तैयार नही किया जाता है। गवर्नमेंट एक बार नहीं, 10 बार अनाऊंस कर चुकी है कि डोडा में हम आर्मी कैंटोनमेंट बना रहे हैं। अब तक कोई इंडीकेशन नहीं है। यह लेम एक्सक्यूज़ेज़ है कि हम को जमीन नहीं मिलती है, हम को यह नहीं मिलता है, वह नहीं मिलता है। क्या डोडा में कैंटोनमेंट बनेगा या नहीं बनेगा? अगर बनेगा तो कब बनेगा? क्या तब बनेगा जब लोग वहां से निकल कर आ जाएंगे? क्या उस दिन आप वहां पर कैंटोनमेंट बनायेंगे जब उसकी जरूरत नहीं रहेगी, इसके बारे में आपका स्पष्टीकरण सामने आना चाहिये? डोडा में कितने लोग मर गये हैं। शंकर दयाल सिंह जी ने आज प्रश्न उठाया कि हिन्दी की कापी नहीं मिली तो मुझे यह लगा कि गृह मंत्री महोदय काफी अपडेट करके आखिरी क्षणों उन्होंने वक्तव्य तैयार किया होगा, इसलिए हिन्दी की कापी नहीं बनी, लास्ट मिनट में यह स्टेटमेंट बना होगा। लेकिन अगर कल की घटना का इसमें कोई वर्णन नहीं है तो हम क्या सोचें? हम सोचते हैं कि एक हफ्ता पहले से यह स्टेटमेंट तैयार है लेकिन हम लोग इसकी हिन्दी कापी नहीं बना सके हैं। मुझे लगता है कि कल की घटना को आज के इस वक्तव्य में शामिल नहीं कर सके यह अपने तौर पर इस बात का सबूत है कि हम जम्मू कश्मीर की परिस्थिति के बारे में कितने जागरूक हैं। डोडा के बारे में आपने जितनी भी घोषणाएं की हैं, एक भी पूरी नहीं हुई। बार बार यह कहा जा रहा है कि डोडा के डी०सी० को बदलो। डी०सी० जो है वहां पर गलत काम कर रहा है। जो देशभक्त शक्तियां हैं उनकी नहीं सुनता है। वह टेररिस्टों से मिला हुआ है लेकिन आप उसे ट्रांसफर नहीं करते हैं। अफसोस की बात यह है कि ऐसे कदम उठाये जा रहे हैं। स्टेट का चीफ सेक्रेटरी एक ऐसे व्यक्ति को बनाया है जिसके ऊपर कई तरह के एलीगेशंस हैं। क्या यह तरीका है एडमिनिस्ट्रेशन को स्ट्रीमलाईन करने का और क्या यह तरीका है सारी परिस्थिति को संभालने का कि ऐसे लोग ही पोस्ट पर बिठाये जायेंगे, जिनकी इंटेग्रिटी डाऊटफुल है और फिर हम यह सोचेंगे कि हम कोई समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

मुझे लगता है कि गृह मंत्री महोदय इस बारे में भी थोड़ा स्पष्टीकरण दें। आज बार-बार हम जो यह कह रहे हैं कि पाकिस्तान ट्रेनिंग सेंटर चला रहा है। तो उन ट्रेनिंग सेंटर्ज़ के बारे में कोई कदम आप उठायेंगे या नहीं उठायेंगे?

क्या हम अपनी तरफ से पाक आकुपाईड कश्मीर में—वह तो डिस्प्यूटिड एरिया है—उसे पाकिस्तान का तो हम मानते नहीं हैं। वहां वह अगर हमारे खिलाफ ट्रेनिंग सेंटर चलाते हैं, तो क्या उनको नाक-डाऊन करने या स्मैश करने का हमारा कोई अधिकार नहीं है? क्या हम यह नहीं कर सकते? क्या हम दूसरे लोगों से गिड़गिड़ाते रहेंगे, उनसे भीख मांगते रहेंगे। याद रखिये कि कमजोर देश की बात दुनिया में कोई भी नहीं सुनेगा।

अगर आप कोई एक्शन करने के लिए तैयार नहीं हैं पाकिस्तान की होस्टाईल एक्टिविटीज़ के खिलाफ, उनके ट्रेनिंग सेंटर्ज़ के खिलाफ, तो आपकी कोई भी बात कोई दूसरा देश सुनेगा, मुझे इसमें बहुत बड़ा संदेह है।

एक बात और मैं यहां आपके सामने लाना चाहता हूं। राजेश पायलट जी तो स्वयं उसके भुक्तभोगी हैं। वे श्रीनगर गये थे। उन पर भी एक आक्रमण हुआ और श्रीनगर में तो इस तरह की घटनायें अब होती चली जा रही हैं। लाल चौक में हमारा बड़ा मज़ाक उड़ाया गया कि यह लाल चौक में गये झंडा फहराने--- वहां क्या हुआ। अब सारा लाल चौक जल कर राख हो गया है।

आप इंटर्नल सेक्यूर्टी के मंत्री हैं। हम चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर में कोई तो परिस्थिति में इस तरह का वायुमंडल निर्माण करिए जिसमें लोगों को अहसास हो कि भारत मीन्स बिजनेस और भारत कश्मीर को अपने साथ रखना चाहता है।

14 अगस्त, 1992 को क्या हुआ? 14 अगस्त को कश्मीर में पाकिस्तान डे मनाया गया, पाकिस्तान के झंडे फहराये गये, सब तरफ और 15 अगस्त को वायकाट किया गया, 15 अगस्त को ब्लैक डे मनाया गया, भारत के झंडे जलाये गये। यह माहौल है वहां पर और हम कह रहे हैं कि सिचुएशन अब बड़ी इम्प्रूव होती जा रही है और परिस्थिति अच्छी होती जा रही है।

हम गृह मंत्री जी से पूछना चाहेंगे कि वहां पर कितने पुल और कितने घर जलाये गये हैं। मेरी जानकारी के हिसाब से 250 ब्रिजेज़ कश्मीर वैली में तोड़ दिये गये हैं और दस हजार हाऊसेस जलाये गये हैं और यह सब हाऊसेस उन माइग्रेंट्स के हैं जो कश्मीरी पंडित हैं। क्या उसकी जानकारी गृह मंत्री महोदय को है? इसका क्या इंतजाम वहां पर हो रहा है?

अभी पिछली वर्षा में अखनूर का ब्रिज टूट गया और तब से सरकार कह रही है कि हम बना रहे हैं, वह बन रहा है। अब दूसरी वर्षा आ रही है और लोगों के लिए आने-जाने का और कोई रास्ता नहीं है। तो अखनूर का ब्रिज बनेगा कि नहीं बनेगा?

एक त्रासदी है जम्मू-कश्मीर की जिस क्षेत्र में आप सारा पैसा, सारी मदद, सारी सहायता डम्प कर रहे हैं वहां तो लोग सारे के सारे भारत के खिलाफ खड़े हैं और जो लोग आज भारत के पक्ष में हैं, वह चाहे जम्मू या लद्दाख रीजन के हैं, उनकी तरफ सरकार कोई ध्यान देने के लिए तैयार नहीं है।

मेरा यह कहना है कि सरकार अपनी सारी नीतियों के बारे में फिर से विचार करे।

एक विषय और चल रहा है। हम पर एकदम हमला हो जाएगा। हम कहेंगे ना कि धारा 370 हटाओं, सब खड़े हो जायेंगे और सब कहेंगे कि नहीं नहीं, वह गलत है। अब एक नई बात चली है। पिछली 1 मार्च को जब हमने हाऊस में कश्मीर को छह महीने के लिये प्रेजीडेंट रूल और ज्यादा दिया तो हमारे गृह मंत्री महोदय, श्री एस० बी० चव्हाण जी ने कहा कि हम जम्मू कश्मीर को ग्रेटर अटानोमी देने के बारे में सोच रहे हैं। हम धारा 370 कहां हटा रहे हैं, हम तो और अटानोमी दे रहे हैं। और अंत में यह चर्चा शुरू हो गई है कि प्री-1953 सिचुएशन लाया जाए। प्री-1953 सिचुएशन क्या है? आप जानते हैं, प्री 1953 सिचुएशन का मतलब यह है कि भारत के एक-एक व्यक्ति को जम्मू-कश्मीर में जाने के लिए परमिट लेना पड़ेगा।

Are you prepared to create that situation? Are you going to restore the situation?

क्या वह अटानोमी आप देने वाले है? मैं यह बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि आज इस देश के लोग प्री-1953 की सिचुएशन को टालरेट नहीं करेंगे। और मुझे यह लगता है कि वह दिन दूर नहीं है जब इस सरकार को 1953 में डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो जम्मू-कश्मीर के लिए पालिसी ले-डाउन की थी उस पालिसी पर आना पड़ेगा। उनका शेख अब्दुल्ला के बारे क्या असेसमेंट था वही आज आपको डा० फारूक अब्दुल्ला के बारे में करना पड़ेगा और जब तक वह परिस्थिति आप ठीक तरह से असैस नहीं करते और उसके मुताबिक कदम नहीं उठाते, तब तक आप जम्मू-काश्मीर को और वहां की परिस्थिति को ठीक तरह से कभी भी सुधार नहीं सकते हैं। इसीलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि हम एक क्लीयर कट पालिसी की घोषणा करें पाकिस्तान के खिलाफ और जम्मू-काश्मीर के आतंकवाद से निपटने के लिए, इसके बारे में हमारी क्लीयर-कट नीति होनी चाहिए। दूसरी बात यह कि हमारी राजनीतिक इच्छा-शक्ति होनी चाहिए। हमें जो राष्ट्रभक्त शक्तियां हैं उनको विश्वास में लेना चाहिए। मंत्री महोदय ने यह कहा है कि हमने कुछ एम.पीज़, एम. एल. एज़ से बात किया। हो सकता है की होगी, मैं इस पर डिस्प्यूट नहीं करता, लेकिन हम में से कुछ लोग ऐसे हैं मेरे जैसे जो कि वर्षों से जम्मू-काश्मीर में जा रहे हैं, अगर हम से कभी कोई सलाह ले लें तो हम कोई अच्छी सलाह ही देंगे और उनकी मदद ही करेंगे। लेकिन पता नहीं, आप डा० फारूख अब्दुल्ला के अलावा किसी से सलाह लेंगे या नहीं लेंगे, क्या जम्मू-काश्मीर के बारे में दिल्ली में कोई कोर ग्रुप होम मिनिस्ट्री में है, क्या डेटा डे कोई मोनिटरिंग हो रहा है, क्या कोई किसी प्रकार से सारी डिवैलपमेंट्स के बारे में और हर समय विचार करके कोई एक्शन लिया जा रहा है? एक बात मैं यहां पाकिस्तान को भी कहना चाहूंगा। यह बात ठीक है कि पाकिस्तान इस समय अस्थिर स्थिति में है और पहले भी था, अब भी है और आगे भी रहेगा। वह कभी स्थिर हो ही नहीं सकता और पाकिस्तान को यह भी गलतफहमी है कि वह अपनी अस्थिरता भारत-दुश्मनी से दूर कर सकता है। हम यह बात तो साफ पाकिस्तान को कह सकते हैं और यहां से भी, अपने देश की तरफ से भी, अपने दल की तरफ से भी कि पाकिस्तान ने पहले भी दो बार अनुभव करके देखे हैं, उसने हमारे साथ लड़ाई करके देख ली है। आगे भी कभी मौका आएगा तो वह लडाई करके देख सकता है और इस लड़ाई में हमेंशा उसको मुंह की खानी पड़ेगी। इसमें कोई संदेह नहीं है। लेकिन मैं यहां यह कहना चाहता हूं कि बजाय इसके कि पाकिस्तान हमारे घर में आ करके हस्तक्षेप करे, वह जरा अपने गिरेवान में मुंह डाल कर देखे, हमारे घर में आज भी मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां भारत में जो मुसलमान हैं वे पाकिस्तान से ज्यादा अच्छी स्थिति में और सुरक्षित स्थिति में हैं। उसको चिंता करने की जरूरत नहीं है पाकिस्तान को चिन्ता करनी है तो अपने घर करे। आज भी अभी तक वहां रिफ्यूजीज को उचित स्थान नहीं दिया जाता। अब वीसा बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान ने भारत से अपने वाले मुसलमानों का वीसा बंद कर दिया है। उसको लगता है कि भारत से जो मुसलमान आते हैं वे यहां पर आकर आतंकवाद फैलाते हैं। इसलिए उसने भारत से आने वाले मुसलमानों का वीसा बंद कर दिया है।

PROF. SAURIN BHATTACHARYA (West Bengal): Madam, I am on a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ): What is your point of order?

PROF. SAURIN BHATTACHARYA: Will Mr. Sharma yield for a minute I think on the question of the attitude of Pakistan, various point may be raised but in regard to Indian Muslims in general... (*Interruption*).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI SUSHMA SWARAJ): This is no point of order, Mr. Bhattacharya. Please sit down. (*Interruption*) There is no point of order in this.

Now, you try to conclude, Mr. Sharma. You have already taken twenty minutes. Please try to conclude.

श्री कृष्ण लाल शर्मा : महोदया, मैं बहुत जल्दी ही खत्म करना चाहूंगा । लेकिन मैं जिस बात को कह रहा था कि पाकिस्तान हमारे लिए कोई समस्या नहीं है, समस्या हमारी घर की है । हमारी कोई नीति क्लीयर है या नहीं, कंसिस्टेंट है या नहीं और एक्शन ओरिएंटेड है या नही ? या हम सिर्फ बातों में ही अपनी चीजों को गंवायेंगे । क्या हम पिछले अनुभव से, पिछले इतिहास से, जो जम्मू-काश्मीर में कई सालों से बीत रहा है, उससे कुछ सीखना चाहेंगे या नहीं ? जो-जो लोग वहां रहे हैं और मुख्य मंत्री रहे हैं, उनके रेकार्ड आपके सामने हैं, जो-जो दल वहां पर हैं, उनके रेकार्ड आपके सामने हैं। आज भी मुझे इस बात का अफसोस है कि जम्मू-काश्मीर में भी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर प्रतिबन्ध लगाया गया है । राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का जम्मू-काश्मीर का इतिहास देशभक्ति से भरा हुआ इतिहास है । एक-एक कदम पर जब से देश का विभाजन हुआ है, उस समय से लेकर आज तक चाहे पाकिस्तान से युद्ध . . (**व्यवधान**) हुआ हो और चाहे और कुछ भी होता हो . . . (**व्यवधान**) . . और मैं आपको एक बात बता दूं कि इस देश में कोई पालिटिकल पार्टी या कल्चरल पार्टी ऐसी नहीं है जिसको यह सम्मान दिया गया हो कि पं० जवाहर लाल नेहरू के होते हुए उसे 26 जनवरी की परेड में अपनी वर्दी में, अपने गणदेश में, अपने बैंड के साथ शामिल किया गया हो । यह किसी और पाकिस्तान पॉलिटिकल पार्टी को सम्मान मिला हो तो वह बता दें ? यह सम्मान आर०एस० एस० को मिला है और आर०एस०एस० के बारे में अलग-अलग समय पर अलग-अलग धारणायें रहती हैं, लेकिन उनकी देशभक्ति पर कोई उंगली नही उठा सकता और मुझे लगता है कि अगर जम्मू-काश्मीर के बारे में ठीक तरह से विचार करना है तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बारे में सही ढंग से विचार करना चाहिए और उसका सही मूल्यांकन करना चाहिए । वहां जमायते इस्लामी का क्या मूल्यांकन है, डा० फारुख अब्दुल्ला का क्या मूल्यांकन है, दूसरे दलों का क्या मूल्यांकन है और राष्ट्रीय स्वयं सेवक का क्या मूल्यांकन है, इसको समझने की जरूरत है और अन्य जो लोग वहां रह रहे हैं, उनका भी ठीक तरह से मूल्यांकन होना चाहिए ।

गृह मंत्री महोदय, मैंने काफी बातें सामने रखी हैं ।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती सुषमा स्वराज) : अब समाप्त करें ।

श्री कृष्ण लाल शर्मा : और मैं चाहूंगा कि आप इस समय दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर कश्मीर की वस्तुस्थिति का पूरा-का-पूरा चित्र सदन के सामने रखें, देश के सामने रखें । हम सब जम्मू-काश्मीर को बचाने के लिए कोई भी सहयोग या समर्थन देने के लिए तैयार हैं और मैं आपको यह बात भी चेतावनी के साथ कहना चाहता हूं कि अगर जम्मू-कश्मीर को हम नही बचा पाए तो देश को नहीं बचा पायेंगे और इसीलिए आज जम्मू-कश्मीर को हमारे लिए देश की इंटिग्रिटी और यूनिटी का एक सिंबल बन गया है । इसके बारे में आप क्लिअर कट पालिसी बनाइए, एक्शन ओरिएंटेड प्लान बनाइए, आगे बढ़िए और सभी दलों को, सभी पार्टीज़ को विश्वास में लीजिए । मंत्री महोदय, आपने सदन में कह तो दिया है, लेकिन हो सकता है आप फिर कुछ दिनों के बाद आयेंगे कि 6 महीने और समय बढ़ाया जाए । भगवान के लिए जब तक वहां परिस्थिति ठीक नहीं होती, तब तक कोई ऐसा गलत सिग्नल कि वहां चुनाव होने वाले हैं, वहां मिलीटेंट्स से बात करने वाले हैं, फारुफ अब्दुल्ला को वहां भेजने वाले हैं, ऐसा कोई सिग्नल मत दीजिए । वहां ऐसा सिग्नल दीजिए जिससे कि परिस्थिति सुधरे

और देशभक्त शक्तियों को बल मिले। पहले डोडा को बचाइए, फिर घाटी को बचाइए और जम्मू कश्मीर में एक ऐसा रीजनल बैलेंस पैदा कीजिए, क्षेत्रीय संतुलन पैदा कीजिए ताकि जम्मू में कश्मीर में तथा लद्दाख में भी जो जन-आकांक्षायें हैं, उसके मुताबिक लोगों को लगे कि यह सरकार हमारी है, हम सब की भावनाओं को, हम सब की समस्याओं को समझने के लिए तैयार है, फिर वह सब लोग मिलकर आप का सहयोग करेंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आशा करता हूं कि सदन जम्मू-कश्मीर की गंभीर परिस्थिति पर पूरा मंथन करेगा और इस संबंध में कोई निष्कर्ष निकालेगा, बहुत-बहुत धन्यवाद।

[उपसभाध्यक्ष (श्री मोहम्मद सलीम) पीठासीन हुए]

श्री अनन्त राम जायसवाल : **(उत्तर प्रदेश)** : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, कश्मीर को किस तरह से शुरू में देखा गया, इस संबंध में मैं दो-एक बातें आप सामने रखना चाहता हूं। हमारा अपना विचार था कि अगर कश्मीर हिन्दुस्तान के हक में फैसला करता है, हिंदुस्तान में शामिल होने का तो एशिया और अफ्रीका के जो नवोदित राज्य हैं जिनको कि नई-नई आजादी मिली वह थियोक्रेसी के तरफ न आकर डैमोक्रेसी की तरफ जायेंगे और उन तमाम नवोदित राज्यों में डैमोक्रेसी को बल मिलेगा, और अगर कश्मीर ने फैसला किया पाकिस्तान के साथ जाने का, तो थ्योक्रेसी को बल मिलेगा इसलिए कश्मीर हमारे लिए खाली एक क्षेत्र का सवाल नहीं था बल्कि उससे एक उसूल भी जुड़ा हुआ था। महोदया मैं कहना चाहूंगा कि कश्मीर के सवाल को धीरे-धीरे बिगाड़ा गया है और इसे बिगाड़ने में कांग्रेस पार्टी की यह ख्वाहिश जिम्मेदार रही कि किसी भी कीमत पर वह सत्ता में बनी रहे यह जो उनकी इच्छा है, उसने सब कुछ बिगाड़ा है। सन 86 के कश्मीर के चुनाव हुए। जैसे और जगहों के हिन्दुस्तान के नौजवान है वहां का नौजवान भी टूटा हुआ था। करप्शन से, बेरोजगारी से, गरीबी से, और जगहों पर है यह हालत, कश्मीर में भी यह हालत है। वह चाहते थे कि निष्पक्ष चुनाव वहां पर हों, लेकिन निष्पक्ष चुनाव वहां पर नहीं होने दिए गए। बड़े पैमाने पर वहां पर रिगिंग हुई और जिसका नतीजा यह हुआ कि वहां के नौजवान चले गए हथियार की तरफ और आज यह मुसीबत हमारे अपने सामने है। जो पुरानी बात थी, अब उसका क्या जिक्र किया जाए। तब से बहुत पानी बह गया। दुनिया में और खुद अपने देश के आसपास थियोक्रेटिक रियासतें बन गई, पाकिस्तान में, अफगानिस्तान में, थोड़ा और आगे जाइए तो ईरान में और फिर आगे। लेकिन, अभी भी बहुत संख्या में रियासतें ऐसी हैं, जहां पर यह नौबत नहीं आई है।

महोदय, यहां पर जो अपने दाहिनी तरफ बैठे हैं गौतम जी और उनकी पार्टी के लोग, शर्मा जी, उनसे मैं खाली इतना कहना चाहता हूं कि जहां पर मुसलमान हो या जहां पर मुसलमानों का मामला सीधे-सीधे उसको मुसलमान और हिन्दू के मामले में बदलकर आप देश की भलाई नहीं कर रहे हैं बल्कि देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं। लेकिन, आपका ध्यान आज कहां है, जरा उसको देखिए। **(व्यवधान)**

श्री संघप्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : उन्होंने कहा था कि--

Muslims are living in better conditions in India than in Pakistan. They are suffering more in Pakistan.

श्री अनन्त राम जायसवाल : ठीक कह रहे हैं, आप। आप जो हैं, उन्हीं चीजों में दिलचस्पी लेते हैं, जहां पर हिन्दू मुसलमान का मामला बनता हो। आपने सोमनाथ से जो यात्रा की अयोध्या तक, उसके पीछे क्या था ? जो कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की यात्रा आपकी थी, उसके पीछे आपका क्या मतलब था ? और, जो बांगला देश से लोग हिन्दुस्तान में आ गए हैं, घसपैठिए उनको कह लीजिए, उसमें खाली मुसलमान को ही आप चुनते

हैं, लेकिन उनके साथ, मुसलमानों के साथ जो हिन्दू आए हैं उनकी तरफ आपका ध्यान नहीं जाता, उनके बारे में आप इजहार राय नहीं करते, जो वहां के मुसलमान हैं, उन्हीं की तरफ आप ध्यान देते हैं । आप सीधे-सीधे चाहते है कि हिन्दुस्तान में मुसलमान को लेकर बलवा हो, खून बहें, मौतें हो । कम मौतों और कम खून से आपको मिल गया लखनऊ का राज, ज्यादा खून बहे और ज्यादा मौतें हों तो आपको दिल्ली का राज मिल सकता है, यह आपका रास्ता है । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि बराए मेहरबानी कश्मीर के मामले को आप हिन्दू मुसलमान का मामला मत बनाइए ।

उपसभाध्यक्ष महोदय जहां तक सरकार का सवाल है, उनसे मैं कहना चाहता हूं कि आखिर, कोई आपकी पोलिसी है कश्मीर के बारे में ? सन् 1990 में सरकार बर्खास्त हुई है । मैं जगमोहन जी से भी निवेदन करूंगा कि कभी आप यह भी सोचिए, कश्मीर में जब तक फारुक अब्दुल्ला साहब की गवर्नमेंट थी तब तक दस-बीस परसेंट, कुछ तो, लोग घाटी के हिन्दुस्तान के हमदर्द थे, लेकिन जब फारुक अब्दुल्ला साहब की गवर्नमेंट को बर्खास्त कर दिया गया तो अब आप ढूंढिए, जहां पर एक भी हमदर्द ढूंढने से नहीं मिलेगा । यह बहुत संवेदनशील मामले है, इनमें बहुत फूंक-फूंक कर कदम रखना चाहिए । मैं जगमोहन जी की यह बात तसलीम करने को तैयार हूं कि वहां के एडमिनिस्ट्रेशन में गलत लोग हैं, वहां की पुलिस में गलत लोग हैं । अगर न होते तो जैसा अभी कहा गया यहां पर, जो यू.एन.ओ. हैडक्वाटर है, वहां पुलिस फोर्स के लोग जाने की न सोचते। लेकिन, वह लोग वहां पर गए । तो ऐसे जो एलीमैन्ट एडमिनिस्ट्रेशन में है पुलिस में हैं, उनके खिलाफ तो कार्यवाही होनी ही चाहिए । यह जो मांग सदन में उठी है, यह जाइज है और इसमें ढिलाई किसी तरह की नहीं होनी चाहिए, अगर हिन्दुस्तान की सुरक्षा आप चाहते हैं । दूसरी चीज़, जो लोग वहां इतने दिनों से गड़बड़ कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो और सख्त कार्रवाई हो, लेकिन उसके साथ साथ यह भी ख्याल रखना चाहिए कि पूरी पापुलेशन ही कहीं आपसे एलीअनेट न हो जाए । इसलिए इन दोनों बातों पर कि जो कल्परिट है, रीअल कल्परिट है, जो सुरक्षा कर्मियों को मार रहे है, साधारण जनता को मार रहे है, निर्दोष लोगों को मार रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में कोई कसर नहीं रहनी चाहिए, लेकिन इसके साथ-साथ यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि पूरी पापुलेशन एलीअनेट हो और उसकी पूरी पापुलेशन के लिए जो आप पैकेज की बात करते हैं, वह बनाये । आपने अपने बयान में कहा है कि एडमिनिस्ट्रेशन में सुधार किया है, कुछ डेवलपमेंटल कार्रवाई शुरू की है, लेकिन डेवलपमेंटल कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है, वह अभी तक सीमित है यह जानने में कि कितना पैसा इसमें चाहिए, उसी का आकलन किया जा रहा है। यह आकलन कब तक चलेगा ? पंजाब में भी आपने पैकेज की बात कही, वहां भी कुछ नहीं किया है और उसको लेकर धीरे-धीरे लोगों में बेचैनी बढ़ रही है, उसी तरह कश्मीर में अभी तक आप आकलन में ही लगे है, वहीं पर भी आपकी डवलपमेंटल एक्टिविटी दिखाई नहीं दे रही है। कश्मीर का मुख्य पेशा था, वहां टूरिस्ट जाते थे, इस हालत में वहां पर टूरिस्ट का जाना तो बिल्कुल बंद हो गया, वहां कोई नहीं जाता और दूसरे रोजगार भी ठीक से नहीं चल रहे है । इसलिए जो कुछ करना है, जल्दी कीजिए जिससे जो लोग एलीअनेट होते हैं, वे न होने पायें । इसको आप ध्यान में रखिए ।

इसी के साथ मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आप बार-बार कहते हैं कि पाकिस्तानी हाथ है और पाकिस्तान वहां पर प्राक्सी लड़ाई लड़ रहा है, तो आपको कौन रोक रहा है प्राक्सी लड़ाई लड़ने में या सीधी लड़ाई लड़ने में ? क्या पाकिस्तान में ऐसी जगहें नहीं है या इस तरह का असंतोष नहीं है, जिनको आप एक्सप्लायट करके पाकिस्तान के लिए मुश्किल पैदा कर सकते हैं ? अगर जवाबी कार्रवाई करनी है तो इस तरह से करनी चाहिए ।

न खुलकर करिए, बद-बद तो करिए, लेकिन हो सकती है। पाकिस्तान में सिंध है, बलूचिस्तान है, उनका इस्तेमाल आप कर सकते हैं। पाकिस्तान के लिए मुश्किल पैदा कीजिए, तब वह रुक सकता है और अगर नहीं रोक सकते तो सीधे-सीधे पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। आज यह कहा जाता है कि बम्बई में और कलकत्ता में जो बम विस्फोट हुए या कश्मीर में और पंजाब में जो कार्रवाई चलती है, यह सब पाकिस्तान की बदौलत है। यह जाती किसके खिलाफ है? यह हिन्दुस्तान की अखंडता के खिलाफ जाती है। अगर यहां के मामले का, मुसलमान के मामले का, अगर कभी इसका हल निकलेगा-शायद सलीम साहब मेहरबान हो जाएं, हमको ज्यादा वक्त दे दें, हमारा ख्याल है कि नहीं देंगे, लेकिन एक बात मैं आपको कहना चाहता हूं कि पिछले सात-आठ सौ साल के इतिहास पर नजर डालिए। जहां तक गज़नवी, गौरी और बाबर का मामला है, ये हमारे देश के लिए हमलावर हैं। लेकिन क्या इनके नाते से जो सात-आठ सौ साल से मुसलमान यहां पर हैं और आज भी यहां बसे हुए हैं, क्या वे भी विदेशी कहे जा सकते हैं? क्या विदेशी कहकर उनके खिलाफ नफरत फैलाई जा सकती है? तो यह रिश्ते बिगड़े है। इन रिश्तों को सुधारने के लिए मैं अदब के साथ, उपसभाध्यक्ष जी, कहना चाहता हूं कि पिछले सात-आठ सौ साल के जो बिगड़े हुए रिश्ते है, इनको सुधारने की कोशिश नही की गई। लोगों को, हिन्दू और मुसलमान को बताया नहीं गया कि देशी कौन है, परदेशी कौन है? गज़नवी, गौरी, बाबर हमारे लिए परदेसी हैं, हमलावर हैं, लुटेरे है। लेकिन जो सात-आठ सौ साल से मुसलमान यहां पर रह रहे है जिस तरह से हिन्दुओं के ऊपर हिन्दुस्तान की मिट्टी और हवा का असर है, उसी तरह से वह मुसलमानों के ऊपर भी है और दोनों के खून इस तरह से और इतनी कसरत से मिले है कि इनको परदेशी, अरबी, ईरानी या अफगानी, नहीं कहा जा सकता। यह बात हिन्दू को भी जाननी चाहिये और मुसलमान को भी जाननी चाहिए और इन रिश्तो के बिगड़े होने के नाते अगर मुसलमानों की पैरवी में ईरान और पाकिस्तान बोलें और यहां का हिन्दू न बोले तो फिर और ज्यादा नुकसान हो जाता है। देश की एकता को भी खतरा है और मुसलमान को तो नुकसान होता ही होता है, यह बात सरकार को अपने सामने रखनी चाहिए और कोशिश करनी चाहिए कि जो रिश्ते बिगड़े हैं, इनको सुधारने की कोशिश करे। बजाय इसके कि उनको खराब किया जाए, उनको सुधारना चाहिए तभी यह कश्मीर का मामला हल हो सकता है। अभी शर्मा जी बोलते-बोलते कह रहे थे कि कश्मीर के साथ हिन्दुस्तान की अखंडता जुड़ी हुई है। कश्मीर अलग होता है तो हम इस देश को नहीं बचा सकते। लेकिन शर्मा जी का एप्रोच विपरीत दिशा में चला जाता है। पर जहां तक अखंडता का सवाल है, वह बात सही है। हमारा एप्रोच दूसरा है, जिसको मैं आपके सामने रख रहा हूं। सरकार इस पर सोच करे, विचार करे। आखिर इसको कब तक टालते रहेंगे। आपको कभी चुनाव कराना है या नहीं कराना है? 1990 से 1993 तक हम पहुंच गए। करीब ढाई साल बीत गए, अभी तक वहां पर चुनाव नही हो पाए हैं। वहां पर चुनाव की बात जो की जाती है कि चुनाव वहां होने चाहिएं। होने तो चाहिए ही, लेकिन उसके साथ-साथ जो और कार्रवाई है, उनको भी आपको करना चाहिए।..(**व्यवधान**) आपने बोलना बन्द कर दिया।

श्री संघ प्रिय गौतम : नही, बुलवाना बन्द कर दिया है।

श्री दयानन्द सहाय (बिहार) : ध्यान आपकी ही तरफ है, हुजूर।

श्री अनन्तराम जायसवाल : तो इसलिए मैं आपका बार-बार ध्यान दिलाना चाहता हूं कि यह जो चीजें हैं, इनकी तरफ आपको पूरा ध्यान देना चाहिए। जो आपका पैकेज है उसकी जल्दी से जल्दी घोषणा कीजिए और जहां तक वहां पाकिस्तान स्पोंसर्ड टैरोरिज्म है, उसको रोकने के लिए

[श्री अनन्त राम जायसवाल]

प्रभावी से प्रभावी तरीके आपको अख्तयार करने चाहिएं। साथ ही वहां के लोगों को अपने साथ रखने की कोशिश भी करनी चाहिए। कुछ लोग यह कहते हैं कि वहां पर जम्मू का इलाका है, लद्दाख का इलाका है और इनमें टैरोरिज्म नहीं है, न उस तरह की पोपुलेशन है। तो इसलिए इनको ही अलग करके उनको ही स्वायत्ता दे दीजिए। कभी ऐसा न कीजिएगा कि एक दफे आपने शुरू कर दिया तो फिर इसका कहीं अंत नहीं होगा, मैं आपसे कहना चाहता हूं। तो सोचिए तो पूरे कश्मीर की सोचिए और इनको एक रखते हुए सोचिए। जहां पर सख्ती की जरूरत है वहां पर सख्ती कीजिए जहां तक लोगों के पेट और मन का सम्बन्ध है, इन दोनों को जब सुख मिलेगा तो वह सभी आपके साथ रहेंगे। आपको यह भी याद रखना चाहिए कि आखिर सन् 1986 तक पूरे देश में हिन्दुस्तान भर मे साम्प्रदायिक दंगे होते रहे लेकिन कश्मीर में कोई साम्प्रदायिक दंगे नही हुए। सन् 1986 के बाद वहां की हालत ज्यादा बिगड़ी है जब आपने रिगिंग कराई है। उसके बाद से वहां का मामला बिगड़ा है, उससे पहले तक वहां पर इस तरह के दंगे नही हुआ करते थे। यह दूसरी बात है कि पूरे तौर से हिन्दुस्तान के हक में रायशुमारी होती चली जाए, यह बात शायद न भी रही हो। रही भी नही, गल्तियों पर गल्तियां जो हुई उसके कारण। लेकिन इसमें कोई शक नही है कि वहां पर साम्प्रदायिक दंगे नही हुए। इन चीजो का हमको ध्यान रखना चाहिए और बी०जे०पी० के भाईयों से भी हम अपील करेंगे कि उनको भी इस तरफ ध्यान देना चाहिए कि आखिर क्या वजह है कि पूरे देश में उत्तेजना और साम्प्रायिक दंगों के बाद कश्मीर में दंगे नही हुए, वहा की जनता बहुत शांतिप्रिय है, हमेशा शांति से रहना चाहती है। क्यों, वह दूसरे रास्ते पर चले गए, क्यों वे हमसे दुखी हो गए, इन चीजों की तरफ हमारा ध्यान जाना चाहिए।

श्री संघ प्रिय गौतम : वहां के मुस्लिम गूजर अब भी अपने को गूजर मानते हैं। इसलिए दंगे नहीं होते हैं। वहां जाकर राजश पायलट जी उनसे बातें करें तो मसला हल हो जाएगा।

श्री अनन्त राम जायसवाल : कुछ आपके भी लोग होंगे वहां पर ... (**व्यवधान**) मान्यवर, मैं यही कहना चाहता हूं कि इसमें बहुत देर नहीं होनी चाहिए। किसी भी जनतांत्रिक देश में इस तरह से बराबर प्रेजिडेंट का रूल चले, एक साल चले, दो साल चले, तीन साल चले, यह अच्छी बात नही है। वहां पर आप चुनाव चाहते है और कहते हैं कि चुनाव के लायक वहां पर फिजा बन रही है यह आपका दावा तो हम जानते नहीं। वहां पर जो पार्लियामेंट्री टीम गई थी, उसके क्या कांक्लूजन्स हैं? जब आप बोलने लगें तो इस पर भी प्रकाश डालिएगा। वहां पर जो पार्लियामेंट की जोइंट कमेटी गई तो उसने जो मौके पर अध्ययन किया तो उनकी क्या राय बनी, उनका क्या कहना है, उसको भी सामने रखे। इसके साथ ही जो आप पैकेज के वायदे करते हैं उनको भी और शुरू में हमने आपको कहा कि कश्मीर पर डिपेंड करता है कि दूसरे राज्यों के ऊपर देश के अन्दर और बाहर के प्रदेशों और मुल्कों पर उनके ऊपर क्या असर पड़ेगा, किस तरफ जायेगे? इसलिए इस मामले को सोच-समझकर दूर की दृष्टि से भी, तुरन्त की भी या आज की भी देखिए, लेकिन दूर की नजर बनाकर इस सवाल को देखना चाहिए। बहुत-बहुत धन्यवाद आपका।

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, इस बार भारत सरकार के गृह मंत्रालय की जो 1991–92 की रिपोर्ट आई है उसके पृष्ठ 34 पर जम्मू-कश्मीर का जिक्र करते हुए एक पैरा दिया गया है। इसमें कहा गया है कि–

"The State of Jammu and Kashmir continued to remain under President's rule during the period under

report. As the law and order situation in Jammu and Kashmir continued to remain disturbed, President's rule in the State was extended with the approval of both the Houses of Parliament for a further period of six months that is, up to 3rd September, 1992. It was further extended for six months, that is, up to 3rd March, 1993. Efforts were also made at the political level to deal with the problem."

मुझे खुशी है कि कश्मीर की जो समस्या है और जो वर्तमान समय में कश्मीर की स्थिति है, उसके बारे में इस रिपोर्ट में इशारा किया गया है और माननीय गृह राज्य मंत्री ने जो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में अपना वक्तव्य दिया है, उसमें भी उन्होंने इसे कबूल किया है। एक बात यह भी मुझे लगती है कि राजेश पायलट जी जब गृह राज्य मंत्री हुए, तब और इसके पहले भी वे कश्मीर की समस्याओं से जुड़े रहे हैं और निश्चित रूप से मैं मानता हूं कि ये बराबर ही इस प्रयास में लगे रहे कि किसी न किसी रूप में कश्मीर समस्या का हल निकले लेकिन इसके साथ-साथ मेरा यह भी मानना है कि जितने मजबूती के साथ गृह राज्य मंत्री इस बात के लिए सक्रिय रहे कि इस मामले का कोई हल निकले, उतनी ही मजबूती के साथ सरकार इस बात के लिए दृढ़ रही कि इसका कोई भी हल न निकलने पाए।

अभी हमारे दोस्त जगमोहन जी ने और कृष्ण लाल शर्मा जी ने ऊंची तकरीरें दीं। मैं उस ऊंचाई तक जाऊं या न जाऊं लेकिन एक-दो बातें जरूर कहना चाहूंगा और कहने का मकसद यह है, भाई जायसवाल जी इतना धीरे बोलने के बाद पानी पीने के लिए चले गए, उन्होंने जिस बात की ओर इशारा किया, सच कहिए तो कश्मीर हमारा केवल मुकुट ही नहीं रहा है, पुरुष और प्रकृति के बीच जो उसकी शोभा और सुषमा बनी थी या बनाई गई थी, उसके लिए ही दुनिया में उसका नाम नहीं था, जमीन पर अगर कहीं स्वर्ग है तो उस स्वर्ग के रूप में दुनिया भर के लोग केवल उसे देखने के लिए ही नहीं आते थे बल्कि उसके अंदर मोहब्बत और मेल का भी दिग्दर्शन देखने को मिलता है जो किसी दूसरी जगह नहीं मिलेगा।

महोदय, वहां के सूफियों और संतों ने मिलकर वहां एक तहजीब बनाई थी और यही कारण है कि जहां हर हिंदू वहां हजरतबल में जाकर शीश झुकाता है, उसी तरह से वहां का हर मुसलमान भी मार्तंड मंदिर और शंकराचार्य पहाड़ को एक पूजनीय स्थल समझता है। कश्मीर के इतिहास की बात जब हमारे दूसरे मित्र कहते थे, जहांगीर और शाहजहां के काल से हम ले लें तो कश्मीर में इस मिल्लत का सिलसिला आपको दिखाई देगा जो कि राजा रणजीत सिंह के जमाने में जब कश्मीर पंजाब का एक हिस्सा था तो उस जमाने में भी अगर आप कश्मीर के पन्नों को उलटकर देखिए तो कहीं भी आपस में किसी तरह का तफरक्का नहीं हुआ और रणजीत सिंह जी से गुलाब सिंह जी ने जब कश्मीर खरीदा, उसके बाद जो सिलसिला चला था वह मिल्लत का सिलसिला था और सबसे बड़ी बात यह है कि पिछले ढाई सौ, तीन सौ साल से कश्मीर में बादशाहत जो रही वह रणजीत सिंह की रही। या गुलाब सिंह जी की, गुलाब सिंह के बाद डा० कर्ण सिंह तक की, लेकिन हिन्दू और मुसलमानों में कभी तफरकात नहीं हुये। राजा वहां का हिन्दू हुआ और प्रजा वहां की मुसलमान थी लेकिन न कभी राजा की नीयत में खोट आई न प्रजा की नीयत पर शक की गुंजाइश आई। क्या बात हुई कि आजादी के बाद एक साल में कश्मीर की समस्या खड़ी हो गई और नासुर से भंगदर हो गई मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहता इसलिये कि वर्तमान परिस्थिति के बारे में मैं बात करता हूं। मैं इतिहास के पन्ने या भूगोल की तस्वीर को आपके सामने रेखांकित करूं, यह मेरा उद्देश्य नहीं। मेरा उद्देश्य यह है कि जो हमारे ध्यानाकर्षण प्रस्ताव विषय पर कि आज कश्मीर की हालत क्या है, उसकी हालत को सरकार किस तरह से काबू करने जा रही है, उसका वर्तमान क्या है, उसका भविष्य क्या है ?

[श्री शंकर दयाल सिंह]

आदरणीय जगमोहन जी ने बड़ा विद्वतापूर्ण भाषण दिया और बहुत काम किया है इन्होंने, इसके लिये मैं उनको मुबारकवाद देता हूं लेकिन एक बात आपकी अनुमति से मैं जगमोहन जी से पूछना चाहता हूं कि जब मैं इधर की हालत देखता हूं तो मुझे लगता है कि जगमोहन जी आखिरी गवर्नर थे, उसी समय से समस्यायें कुछ विकराल हुई हैं । आज हमारे बीच में जगमोहन जी है । बड़ी भारी मांग दोनो सदनो में उठी थी कि जगमोहन जी को वापस लाया जाय, वहां से बुलाया जाय, जग मोहन जी वहां से चले, खुशी की बात है कि वे हमारे बीच में बैठे है । लेकिन क्या जगमोहन जी आपके बारे में यह मुहावरा सटीक नही उतरता है कि– आग लगाकर जलाल दूर खड़ी तमाशा देखने के लिये ? कहीं न कहीं तो आपने उन के विश्वास को, कहीं न कहीं उन को ठेस पहुंचाई । मैं आपकी आलोचना नही करता । भाई कृष्णलाल शर्मा जी ने कहा, वह बिल्कुल हमारे बराबर में बैठते हैं, मैं उनके करीब बैठता हूं, तब भी कभी कभी हमारे दिल दूर चले जाते हैं । क्यों चल जाते है ? इन्होंने कहा कि 14 अगस्त को पाकिस्तान दिवस मनाया गया, पाकिस्तान दिवस पर 14 अगस्त को रैली निकाली गई । मैं आपसे जानना चाहता हूं कि बेचारे हंगल जैसे कलाकार, शबाना और दिलीप कुमार की जब बात आती है, वह पाकिस्तान जाते है तब तो आप कहते है कि इनके खिलाफ बगावत होनी चाहिये, इनका तिरस्कार होना चाहिये, इनका समाजिक बहिष्कार होना चाहिये और हमारे सामने बैठे कुर्सी पर हुये पर मुरली मनोहर जोशी जब पाकिस्तान दिवस में पाकिस्तान ऐंबसी में जाते है तो आप में से कोई भी एक शब्द भी नही कहता । आपको कहना चाहिये–

मैं हूं गुनहगार मजबूर
मगर मेरे खुदा,
तू भी तो शामिल था हर खता
में गुनाहगार के साथ ।

तस्वीर का एक पहलू नही हुआ करता है । उपसभापति जी मैं बड़े अर्ज के साथ ज्यादा वक्त न लेकर दो तीन बातें कहना चाहता हूं । भारत सरकार की नीयत क्या है, यह इस वक्तव्य को पढने से पता नही चलता है और पता इस-लिए नहीं चलता है कि शुरू की ही तीन पंक्तियो को आप पढकर देखें जिनमें लिखा है –

"बहुत बड़ी संख्या में लोगों को, अधिकांशत युवकों को प्रलोभित किया गया था, तथा प्रशिक्षण और शिक्षा के लिए कई मामलों में लोगों को सीमा के पार जाने पर मजबूर किया गया था ।"

तो प्रशिक्षण और शिक्षा कोई बुरी चीज है ही नही । अगर उसके लिए उनको बुलाया गया तो निश्चित रूप से उनको जाना चाहिए आपको बीच में ये शब्द जोड़ने चाहिए थे— जिसने भी वह वक्तव्य तैयार किया है उनमें से आप एक बार पूछकर देखिए कि शिक्षा और प्रशिक्षण कोई बुरी चीज नहीं है लेकिन किस बात की शिक्षा और किस बात का प्रशिक्षण, आपको इसके बीच में एक शब्द जोड़ना चाहिए था कि आतकवाद का प्रशिक्षण और दंगा और तोड़-फोड़ की शिक्षा, इसके लिए उनको प्रलोभन दिया गया ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह लिखा है कि 8000 ए० के० श्रेणी की राइफलें शामिल हैं बरामद हथियारों में, उनमें भारतीय क्षेत्र में शुरू की गई परोक्ष, अघोषित लड़ाई के विशुद्ध स्वरूप का पता चलता है । वह आपके वक्तव्य को मैं अपने हाथ में ले रहा हूं । एक ए०के० 56 राइफल बेचारे संजय दत्त जैसे कलाकार के पास पकड़ाई, किस तरह से जलालत हुई, उसको दुनिया ने देखा । लेकिन 8 हजार इस तरह की राइफलें हैं । मैं जानना चाहता हूं कि कैसे वह आई, किस तरह से आई, किसके द्वारा आई, किसके पास आई, इसकी जवाबदेही किसके ऊपर है ? आपने अपने वक्तव्य में कहा कि 2 लाख 50 हजार लोग घाटी को छोड़कर जम्मू व अन्य राज्यो को चले गए हैं । मैं उन शरणार्थियों की ओर से पूछना चाहता हूं और बड़े अदब के साथ पूछना चाहता हूं कि उनके वापस भेजने के अब तक आपने कौन से उपाय किये हैं ? वह कब तक अपने घर से दूर बने रहेंगे, यतीम की जिंदगी जीते रहेंगे

मैं यह भी पूछना चाहता हूं कि जो शरणार्थी अपने घरबार छोड़कर दरदर की ठोकरें खा रहे हैं, चाहे वह जम्मू में हों, लद्दाख में हों, दिल्ली में हों, उनकी शिक्षा-दीक्षा के लिए, उनके रहन-सहन के लिए, उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए आपने कौन से उपाय किये हैं ? क्या वे परमानेंट रूप से आपके यहां विस्थापित होने जा रहे है ? उन शरणार्थियो को आप वापिस भेजने जा रहे है यह आप को अपने वक्तव्य में कहीं न कहीं देना चाहिए था। इस वक्तव्य में लिखा है—"आतंकवादियों की गतिविधियों और लगातार जारी हिंसा से जनता ऊब और थक गई है। वे शांति और सामान्य स्थिति की बहाली चाहते हैं।' ठीक पंजाब की भी स्थिति यही थी। आतंकवाद से वहां की जनता थक गई थी ऊब गई थी। वहां के लोग शांति चाहते थे। आपने वहां चुनाव कराये। आज वही पंजाब खेती के ऊपर सोना उगल रहा है। वहां शांति हो गई है। वहा हर तरह की व्यवस्था कर दी गई है। तो क्यों नहीं कश्मीर में उसी हिम्मत के साथ चुनाव की घोषणा करते है ? कब तक उसको टालते रहेंगे ? वहां भी चुनाव कराइये सख्ती के साथ, कायदे के साथ।

राजनीतिक प्रक्रिया को जिसका जिक्र आपने बार-बार अपने वक्तव्य में किया एक आदमी को मोहरा बना कर राजनीतिक शुरुआत आपने कर दी है फारूख अब्दुल्ला को लेकर तो आप क्यो नहीं पूरी जनता को शरीक होने देते। इतने बड़े क्षेत्र का मालिक एक नहीं हो सकता है, पूरी जनता हो सकती है। लोगों ने बार-बार बात कही, किसी ने मुसलमान की बात कही किसी ने हिन्दु की बात कही लेकिन मै इसे हिन्दु या मुस्लमान की बात नही मानता, मैं इसे इंसान और शैतान की बात मानता हूं। जो कारगर काम करे, जो ठीक काम करें जो राष्ट्रीयता का परिचय दे वह इंसान है और जो राष्ट्रीयता के खिलाफ काम करे वह शैतान है। शैतान में कोई भी शामिल हो उसके खिलाफ आपको कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

इसी बयान में आगे बढ कर मैं कहना चाहता हूं, पृष्ठ 2 के अंत में लिखा है—"स्थानीय राजनीतिक नेताओं की पहल पर फरवरी मे एक बहु-दलीय सम्मेलन आयोजित किया गया था।" मैं आपसे एक बात बड़े अदब के साथ पूछना चाहता हूं कि बहु-दलीय सम्मेलन का जो आयोजन आपने किया उसमें आपने किन-किन नेताओं को बुलाया ? यह मैं जानना चाहता हूं। क्या आपने डा. कर्ण सिंह को बुलाया ? उस आदमी को आपने बुलाया जिसने अपनी कलम से कश्मीर को भारत में विलय के दस्तावेज पर दस्तखत किये थे ? उस आदमी को आपने बुलाया जो वहां पर 18 साल तक आपके गवर्नर से लेकर सदरे रियासत तक रहा ? इसलिए नहीं बुलाया क्योंकि उस आदमी में आपको विश्वास नहीं रहा। कभी आपने यह जानने की कोशिश नहीं की कि आखिर उस आदमी की राय क्या है, उसकी इच्छा क्या है ? जैसा भाई कृष्ण लाल शर्मा ने कहा कि मैं भी ताल्लुक रखता हूं, आप उनको भी बुला लेते। लेकिन आपने ऐसे लोगों को नहीं बुलाया। जगमोहन जी इस बात के जानकार थे। ऐसी बातों में जगमोहन जी से पूछ सकते थे। लेकिन मैं विशेषकर डा. कर्ण सिंह का नाम इसलिए ले रहा हूं क्यों कि अभी-अभी पटना में एक सम्मेलन हुआ था जिसमें पंजाब के गवर्नर सुरेन्द्र नाथ भी थे और वहां मोहम्द शफी कुरेशी जो वहां के गवर्नर हैं, ने अपना भाषण देते हुए कहा था डा. कर्ण सिंह के बारे में कि आज जो कश्मीर की समस्या है उसका हल एक आदमी के पास है और वह है डा. कर्ण सिंह। एक गवर्नर इस बात को कहते हैं कि एक आदमी है जो कश्मीर की समस्याओं को अच्छी तरह से जानता है। आपको कम से कम उस आदमी को बुलाकर बात तो कर लेनी चाहिए थी। आपने अपने बयान में यह भी कहा है कि इतने सिविलियन मारे गये, इतने सुरक्षा कर्मचारी मारे गये। मैं समझता हूं जो एक फिगर माननीय जगमोहन जी ने दी है उस फिगर के अनुसार तीन साल के अन्दर 4500 लोग मारे गये, 90–91–92 में। जो फिगर दी है उसमें 90 में 1100, 4 00 P.M. 91 1400। और 1993 के आपने फीगर दिये कि दो हजार लोग मारे गये। इस तरह से आपने दिया कि 45 सौ लोग मारे गये हैं... (व्यवधान) मैं यह कहना चाहता हूं कि लोगों को मार कर या उनको खत्म कर के समस्या हल नहीं की जा सकती है। समस्या का हल मारना नहीं है। समस्या का हल लोगों के दिलों को जीतना होता है। आप मुझे यह बताइये कि इतने लोगों को मार कर क्या कुछ हुआ है ?

[श्री शंकर दयाल सिंह]

मैं वह जानना चाहता हूं कि आपने कितने दिलो को जीता है ? सबसे बड़ी बात यह है कि जब तक आप लोगों के दिलों को नहीं जीतेंगे, उनका विश्वास प्राप्त नहीं करेंगे, किसी भी जमीन के टुकड़े को आप अपने सीने से लगा कर नहीं रख सकते है । आखिर काश्मीर के लिए हम लोगों के दिलों में दर्द क्यों है ? इसलिए काश्मीर के लिए दर्द है कि काश्मीर को शुरू से हमने अपने सिर का मुकुट माना है । दुनिया भर के सैलानी हिन्दुस्तान घूमने के लिए आते थे तो यह सोच कर आते थे कि पुरुष का बनाया हुआ सबसे बड़ी चीज ताजमहल देखेंगे तो प्रकृति का हंसता हुआ टुकड़ा काश्मीर को भी देखेंगे । इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि आपने उसकी रक्षा के लिए वहां पर अमन और चैन की बहाली के लिए मेरी समझ मे कुछ कारगर कदम नहीं उठाया है । हो सकता है श्री राजेश पायलेट कल को उठायें, लेकिन कब उठाएंगे ? निश्चित मानिये, आपने अपने वक्तव्य के आखिर में कहा था कि हम सदन से सहयोग चाहते है । निश्चित रूप मे हम आपको सहयोग देंगे । हर रचनापूर्ण सहयोग के लिए हम तैयार हैं । विपक्ष का अर्थ यह नही होता है । विपक्ष का अर्थ आपकी गलत नीतियों का भी पक्ष है । विपक्ष का यह अर्थ नहीं है कि राष्ट्र के हित के लिए काम करेंगे । आप राष्ट्रीय हित के लिए कोई कदम उठाते हैं तो हम आपको सही रास्ते पर लाने की कोशिश करेंगे ।

उपसभाध्यक्ष जी, आप घड़ी और टाइम को मत देखिये । इस ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर यहां पर दलों के हिसाब से टाइम नहीं दिया जाता है । सब को बराबर का समय दिया जाता है । आपने जितना समय श्री जगमोहन जी को और श्री कृष्ण लाल शर्मा जी को दिया है, यह नाचीज भी आपसे वही ले रहा है, उससे आगे नही बढ़ रहा हैं । यह जो वक्तव्य मंत्री जी ने दिया है मैं उसी को लेकर चल रहा था । एक बात बड़े अदब से कहना चाहता हूं कि हम यह मान कर चलते है कि वहां पर सेना के जवान, सीमा सुरक्षा बल के लोग रात दिन उन समस्याओं से जुझ रहे हैं । उनका मनोबल टूटना नहीं चाहिए । उन पर शक की अंगुली नही उठाई जानी चाहिए । लेकिन साथ साथ मैं उनको वह भी कहना चाहता हूं कि मानवता को वे अपने सामने रखें । इस तरह की कोई आवाज नहीं उठनी चाहिए जिससे पता चले कि हमारी फौज, हमारे सुरक्षा बल आततायी हैं, उनका काम तो लोगों की सुरक्षा करना है ।

इन शब्दों के साथ मै सीधे तौर पर आपसे कुछ सवाल पूछना चाहता हूं । पहली बात यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराएगी, यदि कराएगी तो कब तक कराएगी ? दूसरी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि विदेशी और देशी पर्यटक जैसे अभी जम्मू तक जाते है, वैष्णव देवी जाते है, मैं जानना चाहता हूं कि देशी और विदेशी पर्यटक जम्मू-कश्मीर मे घूम सकें, जा सकें और वहां की सुषमा और सौन्दर्य का लुफ्त ले सकें और इसी बहाने से सरकार को अधिक से अधिक विदेशी मुद्रा मिल सके, इसके लिए आप कौन-से कारगर कदम उठाने जा रहे हैं ? तीसरी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि आप केवल डा. फारूख अब्दुला से बात कर रहे हैं या और भी लोगो से बात कर रहे हैं? अगर और लोगों से भी बात कर रहे है तो उनके नाम भी हमारे सामने आने चाहिये कि आपकी बात में कौन कौन लोग शामिल है ? चौथी बात मैं यह जानना चाहता हूं कि ये जो 2 लाख 50 हजार शरणार्थी आये हैं वे लोग, वे विस्थापित लोग, पुनः जाकर वहां स्थापित हो सकें, इसके लिए आप क्या कर रहे है ? क्या आप उनको कहीं दूसरी जगह बसा रहे हैं ? आपकी मंशा इस संबंध में साफ होनी चाहिए । पांचवीं बात यह है कि केवल सेना और सुरक्षा बलो के हवाले हम काश्मीर को कब तक रखेंगे ? आखिर हम इससे चाहते क्या है ? इसलिये सीमावर्ती क्षेत्रों मे जहां से बार बार घुसपैठ की जाती है, वहां सीमा की सुरक्षा जो है वह सैनिक सुव्यस्थित ढंग से करें और इसको हमारे सैनिक और जवान अवश्य करें । लेकिन नागरिक बस्तियों की रक्षा के लिए सेना कुछ दिनो के लिये रह सकती है, अनंतकाल तक के लिए सेना के द्वारा नागरिक बस्तियों की आप रक्षा नहीं कर सकते । तो मंत्री जी यह बतायें कि नागरिक बस्तियों में कब तक सेना रहेगी ?

अगली बात, पूरे प्रकरण को पढ़ने के बाद मुझे हंसी आ गयी और इसकी ओर जगमोहनजी ने थोड़ा सा इशारा किया और भाई कृष्णलाल शर्मा

चूक गये । यहां पर इतनी बड़ी संख्या में अपहरण की घटनायें हुई हैं और इसकी आपने इसमें कोई चर्चा नहीं की है । जितनी हत्यायें हुई है उससे ज्यादा अपहरण हुए हैं । एक के बाद एक लोगों का अपहरण हुए हैं । मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि यह बताइये कि अब तक वहां कितने अपहरण हुए, उसमें किन लोगों का हाथ था, कितने लोग छूट गये और ऐसे कितने लोगों का अपहरण हुआ जिन्हें मार डाला गया ? यह बात सदन के सामने आनी चाहिये ।

अगली बात मैं आपसे यह जानना चाहूंगा यह कहावत है कि जौ के साथ घुन भी पिसता है । लेकिन जम्मू-कश्मीर का भौगोलिक जो परिवेश है वह जम्मू, कश्मीर और लद्दाख तीनों से मिलकर बना है । आप यह बताइये कि जवाहर टनल, बनिहाल पास जो कि अब जवाहर टनल है, बनिहाल पास उस पार जो कश्मीर का सारा हिस्सा है और जो इस तरफ है जम्मू और उसके ऊधर चले जाइये, लेह, लद्दाख, तो मान लिया जाये कि कश्मीर के उस हिस्से में जहां आतंकवाद सबसे अधिक है, जहां पाकिस्तान की बुलेट, जहां के लोग गुमराह किये जा रहे हैं, सभी लोग गुमराह नहीं हैं कुछ लोग गुमराह होंगे, ऐसे मैं मानता हूं क्योंकि मेरा अपना यह तजुर्बा है कि वहां का मुसलमान, वहां हाउस बोट चलाने वाला, वहां का शिकारा चलाने वाला, वहां का टट्टू रखने वाला, वहां का घोड़ा पर चढ़कर काम करने वाला, वहां केसर बेचने वाला वहां शहद बेचने वाला और वहां का दस्तकारी का काम करने वाला, ये सारे लोग कभी आतंकवादी नहीं थे । वे इतनी तहजीब के साथ टूरिस्टों के साथ पेश आते थे कि कभी-कभी मुझे लगता था कि लखनऊ की तहजीब भी पीछे छूट गयी और कश्मीर की तहजीब आगे बढ़ गयी--तो जौ के साथ यह घुन क्यों पिस रहा है ? उनकी रोजी-रोटी छिन रही है, गरीब मारे जा रहे हैं, दस्तकार, छोटे-छोटे काम धन्धे करने वाले लोग जो अपनी गुजर-बसर करते थे, अपनी जिंदगी चलाते थे, ऐसे लोग बरबाद हो रहे हैं । दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि जम्मू और लद्दाख का यह एरिया भी लोकतंत्र से क्यों दूर चला जा रहा है । अगर चुनाव होगा तो सारे लोग भाग लेंगे और वहां सरकार बनायेंगे । तो आप एक छोटे से हिस्से के लिये इन दो हिस्सों में उसकी चपेट में डाले जा रहे हैं और ऐसा बहुत दिनों तक हुआ तो वहां भी लोकतन्त्र का सूरज धीरे-धीरे वहां के लोगों की नजरों में विलुप्त होता चला जायेगा ।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि आज हम एक ऐसी घड़ी में इस सदन में जम्मू-कश्मीर की चर्चा कर रहे है, विचार कर रहे है जबकि जम्मू और कश्मीर का एक भी मेंबर हमारे बीच में नहीं है । दूसरी बात यह है कि अगर वहां के नहीं है तो जो इधर उधर से इस सदन के माननीय सदस्य बने है जैसे माननीय फोतेदार जी, माननीय हमारे मुफ्ती मुहम्मद साहब और माननीय गुलाब नबी आजाद साहब, जब हम आज यहां पर जम्मू - कश्मीर पर चर्चा कर रहे है, तो कम से कम इन तीनों सज्जनों को यहां रहना चाहिये था और तीनों को ईमानदारी से वहां के बारे में अपनी बात कहनी चाहिये थी कि आखिर जम्मू और कश्मीर की जो समस्या है उसका हल क्या है ? मैं यह मानकर चलता हूं कि वहां के जो लोग है वे भी इन समस्याओं से अपने आप को दूर रख रहे है, हकूब रख रहे है जो कि कोई अच्छी बात नहीं है । मैंने जो बातें कही है, मैं समझता हूं कि आप इनका जबाब देंगे और वहां के हालत को आप बिगड़ने नहीं देंगे और वहां के लोगों को विश्वास में लेंगे । इसलिये पायलट जी मैं कहना चाहता हूं कि

> दुश्मनी जमकर करो लेकिन यह गुंजाइश रहे,
>
> जब कभी हम दोस्त हो जाय तो शर्मिन्दा न हों ।

SHRI N. E. BALARAM (Kerala): Mr. Vice-Chairman, Sir, the situation in Kashmir is serious. The reports that we have been seeing in the press show that the situation is deteriorating fast. But when I was listening to

[Shri N. E. Balaram]

the statement being made by the hon. Minister, I got a different impression. Therefore, I would seek explanation from the hon. Minister. According to him, because of the wrong steps, or, because of the excessive activities of the terrorists, the people are fed up. It is said that the people are now realising the danger of the terrorist movement.

Then, the statement says that recently, in the month of February, some conference was held. I do not know where it was held. Was it held in Srinagar?

SHRI RAJESH PILOT: Jammu.

SHRI N. E. BALARAM: That is a different thing. Anyway, some political conference was held by the leaders of the National Conference. It is said that some possibility is there to bring about a change in the total situation. This is the impression I get from this statement. I think his is an exaggerated position.

Today, whatever one may say, the main problem in Kashmir is the alienation of the people. According to my information, it is not at all decreasing. In fact, it is increasing. Today, the problem in Kashmir is,—as suggested by him—how to win the hearts and the minds of the people. The question is how to create a certain amount of confidence and trust among the people so that we can restore some sort of normalcy first and then we can tackle the problem step by step. I think that would be the real approach to solve the problem of Kashmir.

I would like to point out here that, today, there is a new development in the political situation in the country. I am talking about the problem of regional assertion. Every day, in one way or the other, we are facing it. There was the Bodo problem and the agitation by them. We were very much worried about it. Somehow, som sort of an agreement was arrived at to solve the problem. Now, there is the Jharkhand problem coming up. We have not been able to find a solution to this problem so far. Then, the Darjeeling problem is again coming up slowly. Some discussions are going on in this regard. These are not the problems created by the articulation of any political party, according to me.

[**The Vice-Chairman (Shri Shanker Dayal Singh)** in the Chair] That is why I say that there is some sort of a regional assertion. This is a new political factor coming up in the country. Why do I say this? I do not agree with some of my friends here who were asking: 'What is the meaning of autonomy?'. What is the kind of autonomy you are going to give to Kashmir? I do not know. I cannot answer this question. But the problem is there. Kashmir has got certain specific problems which I do not think we can wish away. Firstly, as I said, I do not find this sort of alienation in any other part of the country. For example, we have the Assam problem. In Eastern States we have such problems. We have got the Punjab problem, but there is a difference. In all these areas all the national political parties were able to function openly in spite of the terrorist acivities there. The national political parties could mobilise the people, to a great extent they were able to win over the people. In spite of the military and paramilitary forces, these political forces were able to operate in all these areas, but in Kashmir it is quite a different situation. I do not think any national party is functioning in Kashmir. Somebody was asking why we do not have any representation from Kashmir here. We know that such is the situation in Kashmir. There are historical

reasons for that. So, when we talk about tackling the Kashmir problems we should clarify certain important issues. What is the attitude of the present Governmen ? They must make it very clear. Keeping the political criticism aside, on administrative issues the feeling is that the Government may or will compromise with Hindu fundamental forces. I am very frank. That doubt is there among several sections of the people Whether it is righ or wrong, it is there A section of the people has been demanding removal of article 370 Their point is, if you want to solve the Kashmir problem why you should give special status to Kashmir under article 370. But I am glad that the same people are not asking for removal of article 371. Both are almost of the same nature, but I am glad they are not demanding that. They know that there is some need for such articles in our Constitution, there is some need to give special status to certain areas because those areas have got certain historical background behind them.

Now what is the attitude of the Government of India? You must spell out the whole thing so that you should be able to convince the people who are alienated from the mainstream of life as to what their position will be. We have to create confidence among those people. So I must know what the perspective of the Government is. According to this statement, they propose to settle the whole thing by utilising administrative measures. Can you do that I am posing this question. Tell me frankly whether you will be able to tackle the Kashmir problem merely by administrative measures. I do not think you can do that. We have already burnt our fingers for the last so many years Let us have some new approach and all of us have to think what this new approach is going to be. We must have a new approach. Merely recruiting more and more parliamentary personnel will not solve the problem. What is the total number of parliamentary personnel? We have been hearing that today you are sending 30 companies to Manipur, 20 companies to Assam, 40 companies to other places. By sending companies of army are we going to solve the problem? Where are we going? On the one side we see regional unrest all through the country. We are facing the Bodo issue, we are facing Manipur issue, we are facing some other issue. What is your answer to the implementation of the Sarkaria Commission report? I am talking about those things because these are all inter-related subjects. We are not serious about it, but the country is moving in a different way. you have to tackle those problems. The Government should spell out its perspective, how they are going to tackle this Kashmir problem. Sometimes they are talking about economic packages. Mr. Jagmohan was mentioning about the financial assistance. Id o not know the figures. It is reaching the common people? I do not know about it. If this much money is spent on Kashmir, I think the living conditions of the people will be much better. I do not know whether the money is reaching them. So, all these questions must be attended to. Then alone can we solve the problem.

To one more point I want to draw the attention of the Minister. You know I am not a man who is carried away by the Human Rights organisations' story. I want to make it very clear. Human Rights lobby is very much there not only in our country but all over the world. Now doubts are being raised about the large number of custodial deaths and about the combing operations.

Even in newspapers now article are being written on this issue. What is the real position? I know it is not a normal situation. There will be abnormal activities, and abnormal things will be going on there. Even then, we must make it very clear

[Shri N. E. Balaram]

that no excesses are being permitted in that part of the country. Several things have been reported in the Press, but all these things are going unanswered, and these are utilised by other forces, especially Human Rights lobbies. They are very much utilising the entire material. On our side, we do not have any propaganda, any reply any factual reporting to other parts of the country.

Here I would like to ask what our External Affairs Ministry is doing. We have heard that a Conference of Muslim countries, 51 countries, was held, and the representatives of certain Muslim states assembled together. We are told that they have passed some resolution on the question of Kashmir. I do not know whether it is a fact or not. There was a statement issued by the represenative of Pakistan that the OIC was more or less supporting the issue of Kashmir against India. Is it a fact? Even if it is not a fact, a reply must come from our side. What is our position? As far as our country is concerned, for the last so many years we have been supporting the cause of Arab countries as against imperialist forces. Why are these countries suddenly saying that Kashmir is becoming a sort of a colony of India? Who is going to answer all these questions? What is our External Affairs Ministry doing? The entire country is being tarnished because of this sort of statement by people sitting in that conference. So far as I am concerned, I did not see any statement on the part of the Government of India, replying to this sort of misinformation and allegations against our country. So, what I am saying is that on this question of Kashmir, I think, we should be much more careful. We should pay much more attention to counter the misinformation campaign that is going on about our own actvities.

Number two, we should try to take steps political and administrative steps together, to convince the people of that part of the country that the Government of India is prepared to solve the problem according to the desire of the people of that area. Somebody was saying that the Prime Minister has stated that he was prepared to talk to the terrorist groups if they were prepared to come and talk. If the Prime Minister has issued such a statement, I welcome it. Why don't you talk to them? What is the harm in talking to the people if they are prepared to come and talk to us across the table? Why can't we talk to them? If they are prepared to come and talk if they are prepared to give up the terrorist activities and if they are prepared to talk to us on political terms, let us debate it with them. Let us understand what they want. I don't know what quantum of autonomy they want. Let us talk to them. That part must be part of India. I have no doubt about it, but we should convince them. If the Prime Minister has said that he is prepared to talk to the terrorists if they are prepared to come and talk at the table and if they are prepared to abandon the terrorist activities, I welcome it. We should talk. What is wrong in it? Otherwise how are you going to solve the problem? Are you going to solve the problem just by deputing 25 lakhs or 35 lakhs or 45 lakhs of para-military forces and increasing the amount on the Defence Budget? This problem requires a political perspective along with administrative steps. Of course, we must try to help the people if there is starvation or unemployment. We have to tackle these problems. Don't wait for solutions. Those steps are very essential.

I completely agree with Mr. Jagmohan. He was saying that Mr. Clinton would declare Pakistan as a terrorist nation provided we are prepared to yield on the question of intellectual property rights and if we are prepared to yield on the question of NPT. They ade bargaining with us. Mr. Clinton is trying to bargain with us saying: "Look here, if you want to solve the Kashmir problem, will you

not yield on these issues—on the question of NPT on the question of the intellectual property rights?" So many issues he will raise if you go there. This will be the attitude of Mr. Clinton. What would be our reply, we would like to know. Who is to reply on these questions? I am sorry to say the Prime Minister and the External Affairs Minister are keeping silent on all these issues. They are not opening their mouth. You tell the entire world that this is the idea of this country: India wants solutions, but not on the conditions laid down by some other people outside. Let us say it openly. This is a country of 85 crores of people. This country has got a 6,000-year old civilisation. Don't forget it. If somebody is going to dictate such a country, you tell them openly. Why are you keeping silent about it? What is your diplomacy? I don't understand it. So, if you want to solve the problem, you must have a new outlook and a new perspective. The signs of a new perspective are not there in his statement. Therefore, I am very much disappointed with his statement. I think the Minister will devote proper time to reply to all the issues that have raised.

श्री मोहम्मद सलीम (पश्चिमी बंगाल) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज काश्मीर विषय पर चर्चा करते हुए सबसे पहले मेरे जेहन में दो घटनाएं आती है, एक तो श्रीनगर में सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग पर रॉकेट से हमला जिसके बारे में मेरे पूर्व वक्ता ने भी जिक्र किया और दूसरे डोडा में हंगामा। काश्मीर की हालत कितनी गंभीर है, इसकी तरफ से ये दो घटनाएं निशानदेही करती हैं। मंत्री महोदय ने जो बयान यहां प्रस्तुत किया है, इसमें कई ऐसी घटनाएं हैं जो कि पिछले तीन-चार महीने में घटी हैं और उसके बारे में बताया गया कि मिलीटेंट्स लोग आग लगाकर, हंगामा कर के एक नया तरीका अपना रहे हैं और बाद में सेक्युरिटी फोर्सेस के ऊपर बदनामी डाल देते हैं लेकिन हमारे नजरिए से कश्मीर का मामला सिर्फ एक लॉ एंड ऑर्डर का सवाल नहीं है, अब तक यहां पर जितनी चर्चा हुई है, उससे यह बात साफ है कि हम उन लोगों के साथ सहमत नहीं हैं जो यह कहते हैं कि और थोड़ी ताकत लगाकर और थोड़ी गोलीबारी जमा कर हम लड़ लेंगे और उसके बाद काम आसान हो जाएगा। मंत्री महोदय ने जो तीन साल का हवाला दिया है, इससे यह स्पष्ट है कि सेक्युरिटी फोर्स के ऊपर हमने पूरे तौर पर निर्भर किया है। और इस दौरान जो मिलिटेन्सि की प्रोब्लम थी, जो समस्या थी आतंकवाद की, वह घटी नहीं बल्कि बढ़ती गई। जगमोहन जी यहां पर उपस्थित है, गिन कर 300 मिलिटेन्ट ढूंढकर निकाले थे, आज 30,000 या 50,000 कितने हैं, कुछ पता नहीं। इसलिए हम यह समझते हैं कि इसको जरा राजनीतिक नजरिए से देखना चाहिए। यह एक पोलिटिकल प्रोब्लम है और इसका सोल्यूशन पोलिटिकल तौर पर होना चाहिए। अच्छा हुआ, आज हमारे भा.ज.पा. के साथी जो कह रहे थे, इससे पहले जबभी हम लोग राजनैतिक सवाल उठाते या राजनैतिक सोल्यूशन की बात करते तो यह लोग कहते थे कि क्या राजनीतिक समस्या का हल होता है, मुझे पता नहीं, यह किसलिए कहते है। आज जगमोहन जी, ज्ञानी है, पंडित मानता हूं मैं इन्हें, लेकिन कहते हैं यह ऑटोनोमी क्या होती है, उन्हें पता नहीं। । यह किस चीज की बात कर रहे हैं ? ऑटोनोमी, ऑटोनोमी, क्या आइडेंटिटि, क्या पर्सनलिटि होता है कुछ नहीं रीजनल सेटिमेंट, सिर्फ वहां ताकत आजमाइए और समस्या का समाधान कीजिए। लेकिन उन्होंने बार-बार इस बात को जोर देकर कहा कि यह ऑटोनोमी की बात की जाती है यह गलत है। यह सिर्फ काश्मीर का मामला नहीं है, नार्थ ईस्ट रीजन का भी मामला है। अभी हमारे दूसरे साथी ने बोलते समय बताया था। वहां बाजू में पाकिस्तान कैम्प चलाता है ट्रेनिंग दे रहा है ऑजार भेज रहा है अपने लोगों को भेज रहा है, उनकी इण्टेलिजेन्सी एजेन्सी काम कर रही है और मजहब का इस्तेमाल करके कम्युनालाइज कर रहा है . . (व्यवधान) . .

SHRI JAGMOHAN: Will you yield for a minute? I said, those people who are suggestig that it should be given autonomy, they should define the word "autonomy". Autonomy does not

mean that India should supply them money and the rest of things, they will look after. I am only saying quantum of autonomy or whatever you may call it, nature of autonomy should be practical and consistent with the actual ground reality in Kashmir. We should not do it so long as we have a theocratic State. Would you like to finance a theocratic State? So this matter has to be considered in the overall context. Whatever you want to do has to be done in the totality of the circumstances. When you talk of autonomy, solve हो जाएगा That is not the solution.

SHRI MD. SALIM: Thank you for clarifying.

यह सही बात है जब तक आप कहते हैं आटोनोमी का मतलब थियोक्रेटिक स्टेट है तो आपसे ज्यादा मैं विरोध करता हूं, कश्मीर में करता हूं, कश्मीर के बाहर जहां थियोक्रेटिक स्टेट है, भारत हो या पाकिस्तान हो, जो थियोक्रेटिक स्टेट बनाना चाहते हैं, हमारे जैसे ख्यालात के लोग इसका विरोध करते हैं । आटोनोमी का मतलब यह भी नहीं है कि पैसा डालना, इस बारे में मैं आपसे सहमत हूं, लेकिन वहां आटोनोमी की जरूरत है । और जब आप यह कहते हैं कि क्वांटम आफ आटोनोमी शुड बी डिफाइन, इस बारे में मैं सहमत हूं कि उसको कितना देना चाहिए । मैक्सिमम आटोनोमी हमारा यह ख्याल है कोई बेसिस हो सकता है, कश्मीर का पोलिटिकल सोल्यूशन का बेसिस, जिसके आधार पर हम बात शुरू कर सकते है । हम लोगों को वापस जाना पड़ेगा सन् 1953 में, अगर कृष्ण लाल शर्मा जी के इरादे के खिलाफ हो तो उसके बावजूद भी हमें जाना पड़ेगा और देखना होगा कि हम सबसे कहीं तो गलती हुई है । इतिहास की गलती सुधारने के लिए वह 400 साल पीछे जाने को तैयार है, लेकिन सन् 1953 के बाद क्या गलती हुई, उसे देखने के लिए क्यों तैयार नहीं हैं ? मैं इसे कोई तर्क नहीं समझता हूं ।

महोदया, क्या ऐसी बात है, जिस कश्मीर के लोग धर्म का नाता छोड़कर फ्युडेलिज्म के खिलाफ लड़कर भारत के साथ जुड़े और आज वह हमसे जुदा हो रहे हैं, हमसे एलिनेट हो रहे है ? हमें इस बात को राजनैतिक तरीके से सोचना चाहिए । सिर्फ उनके ए. के. 46 और हमारी सिक्योरिटि फोर्स से हम मामले को हल नहीं कर पाएंगे । मैं जब यह बात कह रहा हूं तो इस बात को पूरे ध्यान में रख रहा हूं कि अफसोस इस बात का है, जब मैं इसे पोलिटिकल प्रोब्लम समझता हूं तो हमारी सरकार, केन्द्र सरकार, की पोलिसी होनी चाहिए, कोहेसिव पोलिसी, हम कहां है, कहा जाना चाहते हैं, कितनी दूर जाना चाहते हैं, कैसे रास्ते को तय करना चाहते है, आपके इस बयान में ऐसा कोई मामला है ही नहीं । मैं आपकी मजबूरी समझता हूं, चूंकि आप कहेंगे कुछ और शिमला में जाकर होम-मिनिस्टर साहब कहेंगे और कुछ । वह तो कृष्ण लाल जी ने भी तो यह आपकी मजबूरी है, लेकिन आपकी मजबूरी हमारे मुल्क की कमजोरी नहीं होनी चाहिए । हमारी शिकायत यही है कि आपकी होम मिनिस्टरि में या आपकी सरकार में जो भी मजबूरी हो, उसे हम अपने देश की कमजोरी की हैसियत से देखना नहीं चाहते । जहां तक मिलिटेंसी का सवाल है, टेरेरिज्म का सवाल है, हमें उससे अपनी पूरी ताकत के साथ निपटना चाहिए । राजनीतिक हल का मामला है, बहुत सी पोलिटिकल पार्टीज ने अपनी-अपनी राय दी है । एन. एफ. एल. एफ. ने अपनी राय दी है । आपने जो कन्वेंशन की बात कही, जम्मू में हुआ, वहां पर भी लोगों ने अपनी राय रखी है लेकिन उन सब लोगों की राय का अगर निचोड़ निकाल तो वह यह है कि एक पोलिटिकल इकनॉमिक पैकेज होना चाहिए जहां से आप बात को शुरू करेंगे और उसके लिए भी पोलिटिकल इनिश्येटिव लेना चाहिए । सिर्फ दो-चार तबादले, सिर्फ दो-चार अफसरों की बदली या पोस्टिंग, दो-चार को उठाकर ले जाने से मामला हल होने वाला नहीं है और वहां हमारी जो सिक्युयिटी फोर्सिस काम कर रही हैं, वह ट्रीमेंडस प्रेशर में है क्योंकि एड-मिनिस्ट्रेशन बोलने से बहपर, सरकार के बोलने से वहां पररी तौर पर सिक्युयिटी फोर्सिस नहीं समझा जा रहा है । तो वे काफी प्रेशर के अन्दर काम कर रही है । इसके बावजूद भी ऐसा कोई प्रयास नहीं होना चाहिये जिसे

इस्तेमाल करके वहां के लोगों को फरदर एलीअनेट किया जाय और वह कोशिश जारी है । मैंने डोडा के मामले को इसलिये उठाया कि बरसों से यह काम जो फंडामेंटलिस्ट कोसिस वहां कर रही है – चाहे वह जमायते इस्लामी हो, चाहे हिजबुल मुजाहदीन हो, चाहे पाकिस्तानी हों, चाहे प्रो पाकिस्तानी एलीमेंट्स हों, वे यह कोशिश करते रहे है कि किस तरह से कश्मीर के सवाल को कम्युनलाइज किया जाय । जितना यह सवाल कम्युनलाइज होगा, उतना ही उनका फायदा होगा, उतने ज्यादा व वहां के नौजवानों को अपने में जोड़ पायेंगे और कश्मीर के बाहर हिन्दुस्तान में जो सांप्रदायिक ताकतें हैं, उन्होंने भी यही कोशिश की कि कितना ज्यादा कश्मीर के सवाल को सांप्रदायिक दृष्टिकोण से देखा जाए । कश्मीर की वैली में चाहे जितना भी खून बहे, कश्मीर की जनता हिन्दुस्तान से चाहे जितनी दूर जाए, लेकिन उनकी सांप्रदायिक राजनीति को इससे फायदा पहुंचेगा और आज डोडा इस बात का सबूत दे रहा है । वहां पर हिन्दू रक्षा समिति के संपादक की मौत के बाद, उनको मारने के बाद वहां आज सांप्रदायिक लड़ाई छिड़ गई है । कृष्ण लाल शर्मा ने कहा कि डोडा की जनता लड़ने के लिये तैयार है मैं पूछना चाहता हूं कि कौन सी लड़ाई की आप बात कर रहे है ? टेरेरिज्म के खिलाफ, वे लोग जो भारत के साथ रहना चाहते हैं, वे एक साथ रहें या सांप्रदायिकता के नाम पर, हिन्दू रक्षा और मुस्लिम रक्षा के नाम पर, लड़ाई होगी ? इसलिये हम भा.ज.पा. की उन नीतियों के विरोध में थे जिन्होंने पिछले तीन साल से कश्मीर के लोगों के मन के अन्दर हिन्दुस्तान के बारे में शक बढ़ाने में मदद की । आज जब शर्मा जी ने बात शुरू की तो मुझे अच्छा लगा । पहले दफा भी जब कश्मीर के बारे में बात शुरू हुई, वे कश्मीर के बारे में बोलते थे, तब 90 प्रतिशत 370 धारा पर और 10 प्रतिशत बाकी बात करते थे, आज उन्होंने उससे शुरू नहीं किया । आज वे 10 प्रतिशत धारा 370 में चले गये और 90 प्रतिशत बाकी बाहर चले गये । . . . (**व्यवधान**) संघ प्रिय गौतम जी, मुझे अच्छा लगा । अगर भा.ज.पा. की नजर से कश्मीर को देखा जाय तो मंदिर को तोड़ने का सवाल, वहां के हिन्दुओं के ऊपर अत्याचार का सवाल और 370 के अलावा और कोई बात नहीं, लेकिन आज पहली बार वे मंदिर से ऊपर उठकर वहां कितने पुल टूटे हैं, वहां कितने घर जले है, इस बारे में सवाल पूछ रहे हैं । फिर भी घरों के साथ वे हिन्दुओं के घर जोड़ दिये हैं । बाकी पुल का कोई मजहब शुरू नहीं हुआ – हिन्दू पुल या मुसलमान पुल, इसलिये वह बच गया । लेकिन इस नजरिये से अगर हम देखेंगे, मैं यह बात फिर उठा रहा हूं कि इस नजरिये से अगर हम देखेंगे, जिसे तरह से राकेट द्वारा श्रीनगर के सेक्रेटरिएट पर हमला किया गया, उस राकेट ने हिन्दू या मुसलमान को नहीं देखा । इत्तिफाक से जो दो लोग मारे गये, उनमें एक हिन्दू कर्मचारी थे, दूसरा मुस्लिम कर्मचारी था और अगर हम लाश के ऊपर झंडा लगाकर कहें कि हिन्दू मारा गया तो गलत होगा । कश्मीर में कितने लोग किडनैप हुए, कितने मारे गये, उनकी रेश्यो अलैदा हो सकती है, लेकिन ऐसा नहीं है जो इस समस्या को हिन्दू या मुसलमान की दृष्टि से देखा जाये । लेकिन अफसोस है कि आज माइग्रेंट्स जो है, पंडित जो जम्मू में आये हुए हैं, अफसोस है उनकी हालत पर, उनकी शिक्षा के सवाल पर, उनकी नौकरी के सवाल पर, उनकी देखभाल के लिए, उनके रिहेब्लिटेशन के लिए, हमें सोचना चाहिये । लेकिन शुरू में उनको इनकरेज किया गया । उनको यह कहा गया, आज अगर कश्मीर टाइम्स उठाकर आप देखेंगे तो लेटर्स टू दि आडिटर में यह लिखा जा रहा है, कश्मीरी पंडित लिख रहे हैं कि हमें यह कहा गया था कि कश्मीर छोड़कर चले जाओ क्योंकि एथिनिक क्लींजिंग करने की जरूरत है ; अगर एथिनिक क्लींजिंग हो जायेगी, हिन्दू उधर चले जायेंगे, मुसलमान उधर चला जायेगा तो यू विल कम आउट विक्टोरियस, आपको जीत के साथ श्रीनगर

में बिठाया जायेगा । यह जो इनकरेज करने की बात है, वह गलत है । आज वे लोग कह रहे है, आज उन्हें देखने वाले लोग नहीं है और दूसरी तरफ हमारे, मैं नाम नहीं लेना चाहता, एक वरिष्ठ संपादक हैं, पत्रकार है, पत्रकार यह बता रहे हैं कि कश्मीर के मामले का हल उस तरह से हो सकता है कि वहां के हिन्दू-मुसलमानों का वैली मे जो रेयो है, उसको अगर बदल देते हैं, वहां से कुछ मुसलमान को निकाल कर बाहर करते है, कुछ हिन्दुओं को ले जाकर उधर डाल देते हैं, तो उससे कश्मीर का मामला हल हो जायेगा । बड़े गलत नजरिये से हम देख रहे है । हमें इस बात को ध्यान मे रखना पड़ेगा कि जो एलियेनेटिड कश्मीरी नौजवान है उनको अपने साथ ला पाने के लिये बहुत हद तक से हमारे देश के कुछ लोगो ने भी सिचुएशन बनाई है । जैसे पाकिस्तान बना रहा है । वह तो बनायेगा ही । बाहर मदद देने वाले लोग, ट्रेनिंग देने वाले लोग, औजार देने वाले लोग, जैसे बनाये हैं, हम भी बनायें हैं । आज हमारे देश मे अयोध्या कांड हो गया, उसके बाद सांप्रदायिकीकरण हो गया राजनीति का, समाज का । वह सब इसमे कंट्रीब्यूटिंग फैक्टर हैं, कंट्रीब्यूट कर रहा है । तो हमें इसका ध्यान म रखना चाहिये । यह दोनों तरफ के है जो फिरकापरस्त ताकत हैं, चाहे वह वैली के अन्दर हो, चाहे वह वैली के बाहर हो, चाहे वह हिन्दू सांप्रदायिक शक्ति हो, यह कश्मीर की समस्या का समाधान नहीं चाहते । आज भी जब यहां पर चर्चा हो रही है, मैं बड़े अफसोस के साथ सुन रहा था कि जो मौडरेट सैक्शन है, जो सेक्युलर सैक्शन है, पिनपोइंट किया गया, कृष्ण लाल शर्मा जी को आक्रमण करने के लिये यहा फारूक अबदुल्ला या नेशनल कांफ्रेंस मिला । मैं यहां नेशनल कांफ्रेंस की या फारूक अबदुल्ला की वकालत करने के लियें नहीं बैठा, हम भी इन तमाम गड़बड़ियों में इन सब लोगों का कुछ न कुछ कंट्रीब्यूशन मानते है । लेकिन वह मुजाहिदीन और जमायते इस्लामी का कोई नाम ही नहीं लिये । कहते है जैसे शेख अब्दुल्ला के साथ श्यामा प्रसाद मुखर्जी आये थे, वैसे ही फारूक अब्दुल्ला के साथ हमें पेश आना चाहिये । यह बिल्कुल गलत है । हम अब तक जो रास्ता चलकर आये है और अभी जो हम कश्मीर में देख रहे है, पूरे देश म देख रहे हैं कि किस तरह से हमारी पूरी राष्ट्रीय छवि में जो टेरोरिज्म हैं, वह किस तरह मे हमारे नौजवानों को अपनी तरफ खीच रहे हैं । हमें उस परिप्रेक्ष मे देखना चाहिये कश्मीर की समस्या को । कश्मीर में उनका कुछ ज्यादा मौका मिला है, बोर्डर स्टेट है, वैलीज है, मजहब का मामला है । शुरुआत से ही कुछ प्रोब्लम्स उसके साथ जुड़े हुए हैं । लेकिन हमारे मुल्क के नौजवानों को, वह लोग जो हमारे मुल्क को तबाह और बरबाद करना चाहते है, वह अपनी ओर खींच रहे हैं । हम एक साथ होकर किस तरह इस मामले में जुटेंगे, यह सबसे बड़ी बात है । वह अगर हम करना चाहते हैं तो कश्मीर के अन्दर नार्मलसी की बहुत जरूरत है । भंडारे जी ने जो कहा, मैं उससे सहमत हूं कि वहां पर शांति की जरूरत है । लेकिन उसके लिये मैं उन बातों से सहमत नही हूं कि जरूरत पड़े तो कोई पपेट सरकार ही क्यों हो, वह फौरी तरीके से बैठा दी जाय । आपने बहुत ऐसी पपेट बैठाये है और इससे हमारा डिस-यूनिफिकेशन का प्रोब्लम ज्यादा बढ़ता गया है, उससे यह समस्या घटने वाला नहीं है । पीपुल्स को कांफिडेंस मे लेना पड़ेगा । उनकी अपनी समस्यायें है । उपसभाध्यक्ष जी, मैं एक अखबार से छोटी सी घटना रिपोर्ट करना चाहता हूं । वहां की जनता की क्या हालत है? लिखते है–

"Militants walk into the house of an affluent Kashmiri family to demand money for the cause. The family gives in under duress. As the militants walk out they are accosted by a BSF picket. When the BSF men realise that the militants

have exported money, they go in to demand their pound of flesh."

इसी रिपोर्ट में है कि कोई कांट्रेक्ट दिया । उसमें इंजीनियर्स हैं, उसके बाद मिलिटेंटस पहुंच गए, उनका हिस्सा चाहिये । फिर कोई मेहरबान सरकारी तौर पर पहुंचे तो उन्हें भी हिस्से का हिस्सा चाहिये । तो इस तरह जनता बीच में पिसी जा रही है। आम लोगों को परेशानी हो रही है । तो उन आम लोगों के बारे में कुछ सोचना चाहिये और उसके लिए अगर पोलिटिकल तरीका हो, जहां वह अपनी परेशानी को रख सकें, अपनी बातें रख सकें। यह इतना आसान नहीं है, जैसा मैं बोल रहा हूं, क्योंकि अगर जब भी मौका आता गया हम ऐसा मौका हाथ से खोते गये । कई बार ऐसे मौके आते गये । आपने रिपोर्ट दी है । अगर यह रिपोर्ट तीन महीने पहले होती तो वाकई कुछ बात थी । आपने तीन महीने सिर्फ निगेटिव साईड में इवलप हुआ है। तो हम तीन महीने पीछे हो गये हैं, लेकिन हमें चौकन्ना रहना चाहिये। ऐसे मौके को इस्तेमाल किया जाय और जो जनता के मन में मिस-गिविंग्स हैं, उनको हम दूर कर सकें। इस बारे में मैं यह समझता हूं कि जो आटानोमी की बात की जा रही है, वह एक तो कश्मीर स्टेट के अन्दर जो तीन रीजंस हैं -- लद्दाख है, जम्मू है, कश्मीर है, उसे भी जरूरत है, इससे पहले भी जब यह चर्चा हुई थी डेढ़ साल पहले यह बात कही गई थी। डेढ़ साल पहले की, जब वहां पर मिलिटेंसी की प्राब्लम है । वैली में आप इलेक्शन नहीं करवा सकते । तो जम्मू के लोगों की जो समस्या है उसको दूर करने के लिये पंचायत और जनप्रतिनिधि ही इसका माध्यम हो सकते हैं । अगर उनको यह अधिकार नहीं मिलेगा तो कैसे होगा? आटोनोमी देने का सवाल मुख्य है लेकिन हमने अब तक केवल पावर का इस्तेमाल किया है । उनको थोड़ा अधिकार देना पड़ेगा, जनवादी अधिकार देना पड़ेगा, उनके मन में भय को दूर करना पड़ेगा और दोस्ती का हाथ बढ़ाना पड़ेगा। वह प्रोसेस लंबा हो सकता है ।

महोदय, जो डिसइंटिग्रेशन शुरू हुआ, 1953 की बात मैं इसलिये करता हूं क्योंकि 1953 के बाद जो गलती हुई, धारा 377 वहां की आटोनोमी का बेसिस थी लेकिन धीरे-धीरे उसे खत्म करने की कोशिश की गई। दिल्ली ने यह चाहा कि हमारे पपेट वहां बैठे रहें और वहां के लोगों के अन्दर भय का निर्माण हो गया । आज सिर्फ कश्मीर के लोग ही कश्मीरियत की बात नहीं करते हैं, वह पूरे विश्व का फिनामिना है । हमारे यहां नार्थ-ईस्ट में आसाम में है, झारखंड हैं, उत्तर प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में हैं । उनकी जो समस्यायें हैं उनको दूर करने के लिये उनको कुछ अधिकार दिये जायें और वह अधिकार कहां तक होगा, कैसे होगा, इस बारे में सब लोग एक साथ बैठकर बात करें । तजुर्बेकार लोगों को कांफिडेंस में लेकर हम इस बात को कर सकते हैं लेकिन कोशिश यह होनी चाहिये कि अब वहां जो लोग बचे हैं, जिनके मन में हमारे देश के लिये सद्भावना है, जो हमारे कांस्टीट्यूशन को मानने के लिये तैयार हैं, उनको आप साथ लें और जो पाकिस्तान की सहायता से इनको तोड़ना चाहते हैं, उनका आप मुकाबला करें ।

पूरा इंटरनेशनल सीन अगर आप देखें तो पाकिस्तान इससे पहले कभी इतना ज्यादा आइसोलेटेड नहीं था । पाकिस्तान द्वारा टैररिज्म को मदद देने के सवाल पर कई देश जहां पहले आंखें मूंदे रहते थे या उसको मदद देते थे जब अफगानिस्तान को टैररिस्ट स्टेट बनाने की जरूरत थी उस वक्त पाकिस्तान के साथ अमरीका ने हथियार देकर, ट्रेनिंग देकर, इंस्ट्रक्टर देकर उनको बढ़ावा दिया । आज जब अफगानिस्तान एक टैररिस्ट स्टेट बन गया है तो वह पाकिस्तान को उस नजर से नहीं देखता । तो हमें अपनी ताकत का इस्तेमाल करना है इंटरनेशनल फोरम में पाकिस्तान

को आइसोलेट करने के लिये । हम अपने कंपेन को कैसे उठा सकतें हैं, इसके लिये हमें कोशिश करनी पड़ेगी ।

महोदय, हम अब तक होम मिनिस्ट्री का मतलब बाजू की सख्ती को समझते हैं । अब राजेश पायलट जी इंटरनल सिक्योरिटी मिनिस्टर की हैसियत से आये हैं तो मैं उनसे दरख्वास्त करूंगा कि वे इसे थोड़ी दिमागी सख्ती भी दें, ताकि दिमाग का इस्तेमाल हो और कौन से मौके पर हमें कैसा कदम उठाना चाहिये, इस पर गौर किया जा सके । अगर यह कोशिश हम करेंगे तो हमें कामयाबी मिल सकती है । महोदय, होम मिनिस्ट्री में ऐसे कुछ अफसर बैठे हुये हैं जो यह नहीं चाहते कि इसका पोलियूशन हो, इस बात को मानना पड़ेगा । हमारे देश में भ्रष्टाचार की बात चल रही है और जिस तरह से हम सरकारी तौर पर भ्रष्टाचार को मदद दे रहे हैं, उसे सब जानते है । अभी भंडारे जी ने कहा कि वहां पर एग्रीकल्चर, हार्टिकल्चर, हैंडीक्राफ्टस सब खत्म नहीं हुआ लेकिन यह सच है कि एक नियो-मिडिलमैन ट्रेंडर्स पैदा हुये हैं । वहां खरीदार जाते नहीं हैं लेकिन ये बड़े-बड़े अफसरों के रिलेटिव लोग बम्बई में, दिल्ली में और विदेशों मे बैठकर वहां की पैदावार को विदेशों मे आराम से बेच रहे हैं और कमीशन खा रहे है । तो उनके लिये तो यह मामला चलता रहे तो अच्छा है । हमारे कृष्ण लाल शर्मा जी ने कहा कि सिक्योरिटी है, बार्डर मे पहरा है चारों तरफ लेकिन इसके बावजूद भी 31 पेटी आर्म्स और एम्युनिशन आपको मिला । कैसे लोग आ रहे हैं ? 1500 रुपया दे दो इस पार से उस पार जाने के लिये । बहुत कड़ाई के बाद भी 1500 रुपया देंगे आप तो उस पार जायेंगे । इसको थोड़ा मजबूती से देखना पड़ेगा । आखिर वहां से सामान आ रहा है तो कैसे उनको आप रोक सकेंगे ? मंत्री जी ने बहुत पहले बम्बई ब्लास्ट में कहा था कि बहुत बड़ी कोस्टल लाइन है, ज्यादा नजर डालेंगे लेकिन काश्मीर में पूरी नजर डालने के लिये आप क्या कर रहे हैं ? वहां से जो आर्म्स स्मगल होते है, वहां से जो मिलिटेंट आ रहे हैं उनको रोकने के लिये आपको पूरा बन्दोबस्त करना पड़ेगा । यह काम आप कर पायेंगे तो हम समझते है कि जो टेरोरिज्म की चुनौती है उसे रोक पायेंगे । हमारे सामने समस्या यह है कि वह काश्मीर से बाहर निकलकर हमारे देश के दूसरे प्रांतों में भी अपने हाथ फैलाने की कोशिश कर रहे है । पाकिस्तान की अन्दरूनी समस्या है, उसका हल निकालने के लिये वह हिन्दुस्तान की ओर देखरहा है और हमारे बहुत से साथी जो कश्मीर के मिलिटेंटस को गाली दे रहे हैं, जब अफगानिस्तान म मिलिटेंटस पाकिस्तान की मदद से नाच रहे थे तो वह हाथ से ताली बजा रहे थे । उनको यह महसूस करना पड़ेगा । पता नही वह किस उसूल पर काम कर रहे है, कि ऐसी शक्ति को ह मदद करेंगे, ऐसी स्टेप्स लेंगे जिससे हमारे देश का नौजवान टैरोरिज्म के रास्ते पर आ जाय तो उसका जो रीजल्ट होगा वह हम पंजाब मे देख रहे हैं, काश्मीर मे देख रहे है । इसलिये मैं फिर दरख्वास्त करूंगा कि मंत्री जी सिर्फ अकेले आपके दौड़ने से नही होगा, आप जितना दौड़ रहे है, वह सही है लेकिन आपके साथी, आपकी सरकार और बाकी राजनीतिक पार्टियों को साथ लेकर एक कोहेसिव पालिसी तैयार करनी पड़ेगी । उसके तहत आपको इनीशियेटिव लेना होगा । यह आप ले पायेंगे तो हम समझते है कि वहां का कुछ पोलिटिकल सोल्यूशन निकाल पायेंगे और पोलिटिकल इनीशियेटिव से जम्हुरियत और एकता के पक्ष में जो लोग है उनको हम जोड़ पायेंगे और गलत रास्ते में जो गुमराह लोग है उनको वापस आने के रास्ते पर ला पायेंगे और जो वापस आने वाले नहीं है उनसे हम निपट पायेंगे पूरी सख्ती के साथ तो इस समस्या का समाधान हो सकेगा । धन्यवाद ।

ہے کہ سیکیورٹی فورسز کے اوپر ہم نے پورے طور پر نزلہ گرا کیا ہے اور جو ٹیکنیکل کی پرابلم تھی جو سمجھا تھی آتنکواد کی۔ وہ گھٹی نہیں بلکہ بڑھتی گئی۔ جگ موہن جی یہاں پر الپ تھت ہیں گن کر ۳۵ ملی ٹنٹ ڈھونڈ کر نکالے تھے۔ آج تیس ہزار یا پچاس ہزار کتنے ہیں کچھ پتہ نہیں۔ اس لئے ہم یہ سمجھتے ہیں کہ اس کو ذرا راج نیتک طور پر ہونا چاہیئے۔ یہ ایک پالیٹیکل پرابلم ہے اور اس کا سولیوشن راج نیتک طور پر ہونا چاہیئے۔ اچھا ہوا آج ہمارے بھابھا کے ساتھی جو کہہ رہے تھے۔ اس سے پہلے جب بھی ہم لوگ راج نیتک سوال اٹھاتے یا راج نیتک سولیوشن کی بات کرتے تو یہ لوگ کہتے تھے کہ کیا راج نیتک سمسیا کا حل ہوتا ہے۔ مجھے پتہ نہیں یہ کس لئے کہتے ہیں۔ آج جگموہن جی ہمارے گیانی ہیں۔ پنڈت مانتا ہوں۔ میں انہیں یہ آٹونومی کیا ہوتی ہے۔ انہیں پتہ نہیں شاید۔ یہ کس چیز کی بات کر رہے ہیں۔ آٹونومی۔ آٹونومی۔ کیا آئیڈنٹٹی۔ کیا پرسنلٹی۔ کیا رجنلزم۔ کچھ نہیں ریجنل سینٹمنٹ۔ صرف وہاں طاقت آزمائیے اور سمسیا کا سمادھان کیجئے لیکن انہوں نے بار بار اس بات کو زور سے کہا کہ یہ آٹونومی کی بات کی جاتی

شری محمد سلیم (بشیر ہی بنگال): مانئیے اپ بھابھا ادھیکش ہی۔ آج کشمیر کے وشے پر چرچا کرتے ہوئے سب سے پہلے میرے ذہن میں دو گھٹنائیں آتی ہیں۔ ایک تو سری نگر میں سیکریٹریٹ بلڈنگ پر راکٹ سے حملہ جس کے بارے میں میرے پورو وکتا نے بھی ذکر کیا اور دوسرے ڈوڈا میں ہنگامہ۔ کشمیر کی حالت کتنی گمبھیر ہے اس کی طرف یہ دو گھٹنائیں نشاندہی کرتی ہیں۔ منتری مہودے نے جو بیان یہاں پر دیا ہے۔ اس میں کئی ایسی گھٹنائیں ہیں جو کہ پچھلے تین چار مہینے میں گھٹی ہیں۔ اور اس کے بارے میں بتایا گیا کہ ملی ٹینٹس لوگ آگ لگا کر۔ ہنگامہ کر کے ایک نیا طریقہ اپنا رہے ہیں اور بعد میں سیکیورٹی فورسز کے اوپر بدنامی ڈال دیتے ہیں۔ لیکن ہمارے نظریئے سے کشمیر کا مسئلہ صرف ایک لا اینڈ آرڈر کا سوال نہیں ہے۔ اب تک یہاں پر جتنی چرچا ہوئی ہے۔ اس سے یہ بات صاف ہے کہ ان لوگوں کے ساتھ سہمت نہیں ہیں جو یہ کہتے ہیں کہ اور طاقت لگا کر اور فوجی گولی باری جما کر ہم لڑیں گے اور اس کے بعد کام آسان ہو جائے گا۔ منتری مہودے نے جو تین سال کا حوالہ دیا ہے۔ اس میں ہم نے دیکھا

†[ ]Transliteration in Arabic Script.

یہ صحیح بات ہے جب تک آپ کہتے ہیں آٹونومی کا اگر تھیوکریٹک اسٹیٹ ہے تو آپ سے زیادہ میں ورودھ کرتا ہوں کشمیر میں کرتا ہوں۔ کشمیر کے باہر جہاں تھیوکریٹک اسٹیٹ ہے۔ بھارت ہو یا پاکستان ہو جو تھیوکریٹک اسٹیٹ لانا چاہتے ہیں ہمارے جیسے خیالات کے لوگ ورودھ کرتے ہیں آٹونومی کا مطلب یہ بھی نہیں ہے کہ وہاں پیسہ ڈالنا۔ اس بارے میں آپ سے سہمت ہوں لیکن وہاں آٹونومی کی ضرورت ہے اور جب آپ یہ کہتے ہیں کہ کوانٹیم آف آٹونومی شڈ بی ڈیفائن۔ اس بارے میں سہمت ہوں کہ اس کو کتنا دینا چاہیئے۔ میکسیمم آٹونومی ہمارا یہ خیال ہے کوئی بیس ہو سکتا ہے۔ کشمیر کا پولیٹیکل سولیوشن کا بیس۔

ہے۔ یہ صرف کشمیر کا معاملہ نہیں، نارتھ ایسٹ ریجن کا بھی معاملہ ہے۔ ابھی ہمارے دوسرے ساتھی نے بولتے سمے بتایا تھا وہاں بازو میں پاکستان کیمپ چلاتا ہے۔ ٹریننگ دے رہا ہے اوزار بھیج رہا ہے۔ اپنے لوگوں کو بھیج رہا ہے۔ انکی انٹلی جنس ایجنسی کام کر رہی ہے اور مذہب کا استعمال کر کے کمیونلائز کر رہا ہے...: مداخلت...

SHRI JAGMOHAN: Will you yield for a minute? I said, those people who are suggesting that it should be given autonomy they should define the word "autonomy" Autonmy dors not mean that India should supply them money and the rest of things, they will look after. I am only saying quantum of autonomy or whatever you may call it; nature of autonomy should be practical and consistent with the actual ground reality in Kashmir We should not do it so long as we have a theocratic State. Would you like to finance a theocratic State? So this matter has to be considered in the overall context. Whatever you want to do has to be done in the totality of the circumstances. When you talk of autonomy; solve. That is not the solution.

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

آدھار پر ہم بات شروع کر سکتے ہیں۔ ہم لوگوں کو واپس جانا پڑے گا۔ سن ۱۹۵۳ میں۔ اگر کرشن لال شرما جی کے خلاف ہو تو اس کے باوجود بھی ہمیں جانا پڑے گا اور دیکھنا ہوگا کہ ہم سب سے کہیں تو غلطی ہوئی ہے۔ اتہاس کی غلطی سدھارنے کیلئے وہ ۴۰ سال پیچھے جانے کو تیار ہے لیکن سن ۱۹۵۳ میں کیا غلطی ہوئی ہے۔ اسے دیکھنے کے لئے کیوں تیار نہیں ہیں۔ میں اس میں کوئی ترک نہیں سمجھتا ہوں۔

مہودے۔ کیا ایسی بات ہے جس کشمیر کے لوگ دھرم سے ناتا توڑ کر کے فیوڈلزم کے خلاف لڑ کر بھارت کے ساتھ جڑے اور آج وہ ہم سے جدا ہو رہے ہیں۔ ہم سے ایلینیٹ ہو رہے ہیں۔ ہمیں اس بات کو راج نیتک طریقہ سے سوچنا چاہیئے۔ صرف ان کے لئے کے ۴۶ اور ہماری سیکیورٹی فورس سے ہم معاملے کو حل نہیں کر پائیں گے۔ میں آج یہ بات کہہ رہا ہوں تو اس بات کو پورے دھیان میں رکھ رہا ہوں کہ افسوس اس بات کا ہے۔ جب میں اسے پالیٹیکل پرابلم سمجھتا ہوں تو ہماری سرکار۔ کیندر سرکار کی پالیسی ہونی چاہیئے کوہیسیو پالیسی۔ ہم کہاں ہیں۔ کہاں جانا چاہتے ہیں۔ کتنی دور جانا چاہتے ہیں۔ کیسے راستے کو طے کرنا چاہتے

اور ہماری وہاں جو سیکیورٹی فورسز کام کر رہی ہیں وہ ٹریننڈ پریشیر میں ہیں کیوں کہ اٹیمنسٹریشن بولنے سے وہاں پر سرکار کے بولنے سے وہاں پر لوپر لیول پر سیکیورٹی فورسز نہیں سمجھ پا رہی ہیں تو وہ کافی پریشیر کے اندر کام کر رہی ہیں۔ اس کے باوجود بھی ایسا کوئی پریاس نہیں ہونا چاہیئے۔ جسے استعمال کر کے وہاں کے لوگوں کو ضرور ایلی نیٹ کیا جائے اور وہ کوشش جاری ہے میں نے ڈوڈا کے معاملے کو اس لئے اٹھایا کہ برسوں سے یہ کام جو فنڈامنٹلسٹ فورسز وہاں کر رہی ہیں۔ چاہے وہ جماعت اسلامی ہو۔ چاہے حزب المجاہدین ہو۔ چاہے پاکستانی ہوں۔ چاہے پرو پاکستانی ایلی منٹس ہوں وہ یہ کوشش کرتے رہے ہیں کہ کس طرح سے کشمیر کے سوال کو کمیونلائز کیا جائے جتنا یہ سوال کمیونلائز ہوگا۔ اتنا ان کا فائدہ ہوگا۔ اتنے زیادہ وہ وہاں کے نوجوانوں کو اپنے میں جوڑ پائیں گے اور کشمیر کے باہر ہندوستان میں جو سامپر دایک طاقتیں ہیں انہوں نے بھی یہی کوشش کی کہ کتنا زیادہ کشمیر کے سوال کو سامپر دایک درشٹی کون سے دیکھا جائے۔ کشمیر کی وادی میں چاہے جتنا بھی خون بہے۔ کشمیر کی جنتا ہندوستان سے چاہے جتنی دور جائے۔ لیکن ان کی ہیں۔ آپ کے اس بیان میں ایسا کوئی معاملہ ہے نہیں۔ میں آپکی مجبوری سمجھتا ہوں چونکہ آپ کہیں گے کچھ اور شملہ میں جا کر ہوم منسٹر صاحب کہیں گے اور کچھ۔ وہ تو لال کرشن جی نے بھی کہا۔ تو یہ آپکی مجبوری ہے لیکن آپکی مجبوری ہمارے ملک کی کمزوری نہیں ہونا چاہیئے۔ ہماری شکایت یہی ہے کہ آپکی ہوم منسٹری میں یا آپکی سرکار میں جو بھی مجبوری ہو۔ اسے ہم اپنے دیش کی کمزوری کی حیثیت سے دیکھنا نہیں چاہتے۔

جہاں تک ملی ٹینٹس کا سوال ہے۔ ٹیرورزم کا سوال ہے ہمیں اس سے پوری طاقت کے ساتھ نپٹنا چاہیئے۔ راج نیتک حل کا معاملہ ہے۔ بہت سی پالیٹیکل پارٹیز نے اپنی اپنی رائے دی ہیں۔ این۔ ایف۔ ایل ایف نے اپنی رائے دی ہے۔ آپ نے جو کنوشن کی بات کہی۔ ہوں میں ہوا۔ وہاں پر بھی لوگوں نے اپنی رائے رکھی ہے لیکن ان سب لوگوں کی رائے کا اگر نچوڑ نکالتے ہیں تو ایک پولیٹیکل اکنامک پیکیج ہونا چاہیئے جہاں سے آپ بات کو شروع کریں گے اور اس میں بھی پولیٹیکل اینشیٹو لینا چاہیئے صرف دو چار تبادلے۔ صرف دو چار افسروں کی بدلی یا پوسٹنگ دو چار کو اٹھا کر لے جانے سے معاملہ حل ہونے والا نہیں ہے۔

†[ ]Transliteration in Arabic Script.

